दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, मंगलवार, 03 मार्च, 2026 | मूल्य : 5.00 पेज:

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

देश का Darpan News TV
FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

# भारत-कनाडा के बीच व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

## वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गई, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है

**नई दिल्ली/एजेंसी**

भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है।

वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते।

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत-कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा।





### भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा

साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा। विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा।

### पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी

पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इजराइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले।

## भारत के युवा जब कुछ ठान लेते हैं, तो उसे पूरा करते हैं: मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं की क्षमता और आत्मविश्वास की शक्ति को रेखांकित करते हुए एक प्रेरणादायक संस्कृत सुभाषित साझा किया है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति जब कुछ ठान लेती है, तो उसे पूरा करके ही दम लेती है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारतवर्ष की युवाशक्ति का दृढ़ संकल्प अतुलनीय है। हमारे युवा साथी जो ठान लेते हैं, वो करके दिखाते हैं। यही वजह है कि आज हमारा देश अपने सपनों को साकार कर रहा है। उन्होंने अपने संदेश में संस्कृत श्लोक भी साझा किया- "न वा उ मां वृजने वारयन्ते न पर्वतासो यदहं मनस्ये। मम स्वनात् कृधुकर्णो भयात एवेदनु द्यून्किरणः समेजात।।"

इसका अर्थ है कि आत्मविश्वास की शक्ति गहन होती है और इसे कोई भी कुचल नहीं सकता। बड़े पहाड़ के आकार की बड़ी बाधाएं भी आपके मार्ग में बाधा नहीं डाल सकतीं। आप सूर्य से भी अधिक शक्तिशाली हैं बशर्तें आपके पास इच्छा शक्ति हो।




### आर्थिक भागीदारी समझौता भी जल्द पूरा करने पर सहमति जतायी

भारत और कनाडा 2030 तक अपना व्यापार 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता भी जल्द ही पूरा करने पर सहमति जतायी है। दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का ऐतिहासिक सौदा हुआ है।

देश में भारत-कनाडा पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की।

## यूएस ने ईरान में 1,000 से अधिक ठिकानों पर किए हमले



**वाशिंगटन/तेहरान/एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि दो दिनों के भीतर ईरान में 1,000 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए हैं। इसी बीच इजरायल और लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह के बीच रॉकेट और ड्रोन से वार-पलटवार शुरू हो गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सेंटकॉम ने रविवार को कहा कि दो दिनों के सैन्य अभियान में ईरान के भीतर 1,000 से अधिक लक्ष्यों पर हमले किए गए। इन लक्ष्यों में जहाज, पनडुब्बियां, मिसाइल साइट, कम्युनिकेशन लिंक और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शनिवार से शुरू हुए संघर्ष के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हालात और बिगड़ गए। सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार हिज्बुल्लाह ने खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए इजराइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। इसके जवाब में इजराइल ने दक्षिणी बेरूत और लेबनान के अन्य इलाकों में हवाई हमले किए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि उसने ईरान-समर्थित उग्रवादी समूह के सदस्यों को निशाना बनाया। दक्षिणी बेरूत में कम से कम आठ धमाकों की आवाजें सुनी गईं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग प्रभावित इलाकों से पलायन कर रहे हैं।

इजराइल ने देश के दक्षिण और पूर्व में लगभग 50 शहरों को खाली करने की अपील की है, जो पिछले संघर्षों के दौरान जारी निर्देशों की पुनरावृत्ति है। इजराइल ने रविवार को कहा कि उसने ईरान पर हमलों की एक और लहर शुरू की है।

## भक्त प्रह्लाद की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवाना की भव्य शोभायात्रा

**गोरखपुर/एजेंसी**

**श्री** श्री होलिका दहन उत्सव समिति, पाण्डेयहाता गोरखपुर द्वारा आयोजित पारंपरिक नरसिंह (शोभायात्रा) यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भक्त प्रह्लाद की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रथ (शोभायात्रा) को रवाना किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तों के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समिति को शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि पाण्डेयहाता की यह ऐतिहासिक परंपरा वर्ष 1927 से निरंतर परंपरागत तरीके से संचालित हो रही है, जो गोरखपुर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। आयोजन स्थल एवं शोभायात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सहित कैंट एवं कोतवाली क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



## प्रदेश में गौ माता को कोई खरोंच भी नहीं लगा सकता: केशव प्रसाद

**वाराणसी/एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज वाराणसी दौरे पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध आंदोलन को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा शंकराचार्य जी को आंदोलन करने का पूरा अधिकार है और उनके लखनऊ आगमन पर किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं है। सोमवार को वाराणसी दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, वह शंकराचार्य हैं, संत हैं। शंकराचार्य कहीं भी जाएंगे, हम उनका स्वागत करेंगे। मैं भी रामभक्त होने के नाते उनका स्वागत करूंगा। शंकराचार्य द्वारा दिए गए इस बयान कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गौहत्या होती है पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में गौहत्या तो दूर, गौ माता को कोई खरोंच भी नहीं लगा सकता। किसी हत्यारे की औकात नहीं है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई गौ माता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा तो सरकार उसे बख्शेगी नहीं।



मौर्य ने स्वयं को गौभक्त बताते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व में भी गौ संरक्षण के लिए कई आंदोलन किए हैं। गौ तस्करों और ऐसे तत्वों को पता है कि हम उनके साथ कैसा व्यवहार करेंगे। पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने उन्हें ढोंगी करार दिया।

## बंगाल में सरकार बदलने पर सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों में मिलेगा डीए: शाह

**कोलकाता/एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित परिवर्तन यात्रा की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सरकारी कर्मचारियों, युवाओं और नौकरी के अभ्यर्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर 45 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिया जाएगा और 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। उन्होंने इसे लंबे समय से लंबित वित्तीय न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के भगवतीपुर में आयोजित सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और सरकारी कर्मचारियों को उनका बकाया अधिकार दिलाना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य में सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू की जाएगी। भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण जिन युवाओं को नुकसान हुआ है, उन्हें पांच वर्ष की विशेष आयु छूट दी जाएगी ताकि वे फिर से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में पारदर्शी और मेरिट आधारित भर्ती प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे नौकरी के अभ्यर्थियों का विश्वास बहाल हो सके। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी के कारण युवाओं को नुकसान उठाना पड़ा है।



## खामेनेई की पत्नी मंसूरेह की मौत, दो दिन पहले इजराइली हमलों में हुई थीं घायल

**तेहरान/एजेंसी**

**ईरान** के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की पत्नी मंसूरेह खोजस्तेह बाघेरजादेह का निधन हो गया है। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, 2 दिन पहले हुए अमेरिका और इजराइल के हमलों में वे घायल हो गई थीं।

इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इन हमलों में खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य भी मारे गए थे। मंसूरेह ने 1964 में खामेनेई से शादी की थी। वह हमेशा सार्वजनिक जीवन से दूर रहीं और किसी भी सरकारी कार्यक्रम में बहुत कम नजर आती थीं। अमेरिका और इजराइल ने खामेनेई के परिवार के बाकी सदस्यों की मौत की अलग से पुष्टि नहीं की है। लेकिन ईरान का सरकारी मीडिया लगातार कह रहा है कि हमलों में उनके परिवार के कई लोग मारे गए। ईरान ने खामेनेई की मौत के बाद 40 दिन के राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है। खामेनेई 1989 से ईरान के सबसे बड़े राजनीतिक और धार्मिक नेता थे।



## विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों से भारत की नवोन्मेषी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से भारत की तेजी से बढ़ती, नवाचार-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। प्रधान ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ह्यस्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन हो रहा है और यह वैश्विक साझेदारी के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और कूटनीतिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, गुणवत्ता, नवाचार और सस्ती शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और शिक्षा इस लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमुख आधार है। प्रधान ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

## ओमान के तट पर ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत

**दुबई/ओमान/एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ओमान के सुल्तान कबूस पोर्ट के उत्तर-पश्चिम स्थित एक तेल टैंकर को निशाना बनाया गया। सोमवार को ऑयल टैंकर पर रिमोट चालित नाव से किए गए हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई, जबकि चालक दल के अन्य सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना उस समय हुई जब टैंकर लगभग 59,463 मीट्रिक टन कार्गो लेकर समुद्र में आगे बढ़ रहा था। हमले के कारण जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। नॉटिकल मील दूर, मार्शल आइलैंड्स रिपब्लिक का झंडा फहरा रहे एक ऑयल टैंकर पर एक रिमोट से चलने वाली नाव से हमला किया गया।

## देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर 4.8 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली/एजेंसी**

देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जनवरी में घटकर तीन महीने के निचो स्तर 4.8 फीसदी पर आ गई है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में नरमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 4.8 फीसदी रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ा था। इससे पहले अक्टूबर, 2025 में वृद्धि दर 0.5 फीसदी रही थी, जो हाल के महीनों का सबसे निचला स्तर था, जबकि नवंबर, 2025 में आईआईपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में दिसंबर, 2025 के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर आठ फीसदी कर दिया है। इससे पहले जनवरी, 2026 में जारी अस्थायी अनुमान में इसे 7.8 फीसदी बताया गया था। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में घटकर 4.8 फीसदी रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 5.8 फीसदी रही थी।



आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान खनन क्षेत्र की वृद्धि भी मामूली घटकर 4.3 फीसदी रह गई। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में 4.4 फीसदी थी।

हालांकि, जनवरी के दौरान बिजली उत्पादन सुधरकर 5.1 फीसदी हो गया, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह वृद्धि 2.4 फीसदी थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि चार फीसदी रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.2 फीसदी थी।

# विद्युत सखियों ने रचा इतिहास, ओटीएस में बना रिकॉर्ड
## विद्युत बिल कलेक्शन में विद्युत सखियों का अभूतपूर्व योगदान

**लखनऊ (पी एम ए) उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण के परिणामस्वरूप संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम आज ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व में परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी बन चुका है। यह पहल जहां एक ओर बिजली बिल संग्रह प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है, वहीं दूसरी ओर हजारों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का सशक्त माध्यम भी बनी है।

मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, श्री दीपा रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा रू 3,227 करोड़ से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। रू 1.40 करोड़ बिलों का सफल संग्रह करते हुए रू 42 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया गया है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियाँ फील्ड में कार्यरत हैं, जो ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अंतिम छोर तक सेवाएँ पहुँचा रही हैं।

दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित बिजली बिल राहत (ओटीएस) योजना के दौरान कार्यक्रम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया। इस अवधि में कुल रू 657 करोड़ का बिल संग्रह हुआ, जिसमें दिसंबर 2025 में रू 349 करोड़, जनवरी 2026 में रू 188 करोड़ तथा फरवरी 2026 में रू 120 करोड़ का कलेक्शन शामिल है। लगभग 17.75 लाख बिलों का निस्तारण करते हुए रू 8 करोड़ से अधिक कमीशन अर्जित किया गया। इससे जहां उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा और राहत मिली, वहीं विद्युत सखियों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आया है। सहारनपुर, सुल्तानपुर, मेरठ और अमेठी जैसे जिलों ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। राज्य मिशन प्रबंधक एवं विद्युत सखी कार्यक्रम के प्रभारी आचार्य शेखर के अनुसार व्यक्तिगत स्तर पर भी अनेक प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं।

प्रदेश की 70 विद्युत सखियों ने ओटीएस स्कीम के अंतर्गत रू 1 -1 करोड़ से अधिक ( 70 विद्युत सखियो ने 70 करोड़ से अधिक) का बिल संग्रह कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इनमें सोनी द्विवेदी (अमेठी) द्वारा रू 3.1 करोड़, मेहर जहाँ (रामपुर) द्वारा रू 2.7 करोड़ तथा राजश्री शुक्ला (बाराबंकी) द्वारा रू 2.3 करोड़ का बिल संग्रह विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

आज विद्युत सखी कार्यक्रम केवल बिल संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, उपभोक्ताओं को घर-घर सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने तथा बिजली वितरण तंत्र को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने का एक सफल मॉडल बन चुका है। यह पहल इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि जब महिलाओं को अवसर और नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जाती है, तो वे न केवल अपने जीवन में परिवर्तन लाती हैं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बना देती हैं।

## होली-रमजान और खामेनेई की मौत: चप्पे-चप्पे पर यूपी पुलिस का पहरा, सभी जिलों को किया हाई अलर्ट

**लखनऊ (पी एम ए) ईरान के** सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की खबर के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। राजधानी लखनऊ समेत राज्य के कई हिस्सों में प्रदर्शनों और शोक सभाओं को देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया है।

राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने सभी जिलों के कप्तानों (रढ), आईजी और एडीजी को खुद फील्ड पर उतरने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रदर्शन वाली जगहों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। फेसबुक, एक्स (ट्विटर) और व्हाट्सएप पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर सायबर सेल की पैनी नजर है।

वर्तमान में होली और रमजान का समय चल रहा है, जिसे देखते हुए प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कीमत पर सांप्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ना चाहिए। वहीं किसी भी प्रकार के हिंसक प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो भी व्यक्ति शांति भंग करने या अफवाह फैलाने की कोशिश करेगा, उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

सुरक्षा के मद्देनजर खुफिया विभाग को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। जिलों में पुलिस की टीमें सादे कपड़ों में तैनात रहेंगी ताकि छोटी से छोटी गतिविधि की जानकारी तुरंत मिल सके। इसके साथ ही दंगा नियंत्रण उपकरणों की जांच करने और यूपी 112 की गाड़ियों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

**अधिकारियों को विशेष आदेश**

डीजीपी ने साफ किया है कि अगर सोशल मीडिया पर कोई गलत खबर फैलती है, तो पुलिस अधिकारी तुरंत उसका खंडन करें ताकि जनता में भ्रम न फैले। थाना और सर्किल स्तर पर पुलिस को अलर्ट मोड में रहने और स्थानीय धर्मगुरुओं से संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## भारत की युवा शक्ति का दृढ़ संकल्प अतुलनीय : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (पी एम ए) प्रधान**मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं की शक्ति की प्रशंसा करते हुए एक संदेश में आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति के महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश अपने सपनों को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की युवा शक्ति का दृढ़ संकल्प अतुलनीय है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "भारतवर्ष की युवाशक्ति का दृढ़ संकल्प अतुलनीय है। हमारे युवा साथी जो ठान लेते हैं, वो करके दिखाते हैं। यही वजह है कि आज हमारा देश अपने सपनों को साकार कर रहा है।" उन्होंने एक 'संस्कृत सुभाषितम्' भी शेयर किया है। पीएम मोदी ने लिखा, "न वा उ मां वृजने वारयन्ते न पर्वतासो यदहं मनस्ये। मम स्वनात् कृधुकर्णो भयात एवेदनु द्यून्किरणः समेजात।"

'संस्कृत सुभाषितम्' कहा गया है, "आपके आत्मविश्वास की शक्ति गहन है। कोई भी आपके आत्मनिर्णय को कुचल नहीं सकता। बड़े पहाड़ के आकार की बड़ी बाधाएं भी आपके मार्ग में बाधा नहीं डाल सकतीं। आप सूर्य से अधिक शक्तिशाली हैं बशर्ते आपके पास इच्छा-शक्ति हो।"

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिसंबर 2025 से भारतीय परंपरा के कालजयी ज्ञान को आधुनिक नीति और जन-संवाद से जोड़ने के लिए समय-समय पर संस्कृत सुभाषित (प्रेरणादायक श्लोक) शेयर करना शुरू किया है। वे अक्सर अपने भाषणों, 'मन की बात' और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से संस्कृत सुभाषित शेयर करते हैं।

संस्कृत सुभाषितों को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करके प्रधानमंत्री मोदी समकालीन शासन को भारत की सभ्यतागत ज्ञान से सचेत रूप से जोड़ रहे हैं और प्राचीन श्लोकों का उपयोग विकास, स्थिरता, लैंगिक न्याय, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व जैसी आधुनिक प्राथमिकताओं को समझाने के लिए कर रहे हैं। पीएम मोदी ने 8 दिसंबर को पहले सुभाषित में भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन में संस्कृत की स्थायी प्रासंगिकता को रेखांकित किया था।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने होली के पावन पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ (पी एम ए) उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने रंग, उमंग और सद्भाव के पावन पर्व होली की सभी देश व प्रदेशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा है यह मंगल पर्व सभी के जीवन में अपनों का प्यार बनाए रखें ,आपसी भाईचारा बढ़े और हर व्यक्ति राष्ट्र निर्माण भावना से प्रेरित होकर आगे बढ़े। आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव सभी के जीवन में खुशियों के रंग लेकर आये।यह त्यौहार सामुदायिक सद्भाव और मेल-मिलाप का जीवन्त उदाहरण है ।कहा कि मेरी कामना है यह त्यौहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करें । होली भाईचारे ,आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है ।हम सभी लोग अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप उमंग, उत्साह के रंगों के वातावरण मे होली मनाएं। ऐसा कोई कार्य ना करें , जिससे किसी की पवित्र भावना को कोई ठेस पहुंचे।

## ईरान में मौत का आंकड़ा 500 के पार पहुंचा, 48 घंटों से ज्यादा समय से इंटरनेट बंद

**तेहरान (पी एम ए) अमेरि**का और ईरान के बीच ताबड़तोड़ हमले जारी हैं। ईरान अलग-अलग देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। वहीं अमेरिका और इजरायल अभी भी एक्शन मोड में हैं। अमेरिका और इजरायल की तरफ से ईरान पर किए गए हमले में मौत का आंकड़ा 500 पार कर चुका है। इसके अलावा देश में लगभग 48 घंटे से ज्यादा समय से इंटरनेट बंद है। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी ने कहा है कि देश भर में अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 555 लोग मारे गए हैं।

## विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य की डरावनी भविष्यवाणी: ईरान युद्ध तो अभी शुरूआत है...

**जालंधर/चंडीगढ़ (पी एम ए) विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषा**चार्य पंडित अजय भांबी ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया में बढ़ते सैन्य तनाव केवल घटनाएं नहीं बल्कि ग्रहों की विशेष स्थिति का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पति (गुरु) के अतिचारी होने के कारण वह मानवता की रक्षा करने की सामान्य भूमिका प्रभावी ढंग से नहीं निभा पा रहा है, जिसके चलते विश्व स्तर पर संघर्ष और अस्थिरता बढ़ने की संभावना बन रही है। भांबी ने कहा कि आगामी वर्ष में शनि ग्रह अपनी नीच राशि मेष में प्रवेश करेगा, जो अग्नि तत्व की राशि मानी जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि शनि का लगभग अढ़ाई वर्ष तक मेष राशि में रहना विश्व शांति के लिए चुनौतीपूर्ण समय साबित हो सकता है। इस अवधि में देशों के बीच टकराव, सैन्य गतिविधियां तथा राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका रहेगी, इसलिए विश्व नेतृत्व को संयम और कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।उन्होंने वर्तमान अमरीका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की भी प्रश्न कुंडली के अनुसार विश्लेषण करते हुए कहा कि दिल्ली में एक मार्च को शाम 6.34 बजे सिंह लग्न उदित हो रहा है तथा 5 प्रमुख ग्रह सप्तम भाव में स्थित हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से सप्तम भाव ईरान का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस समय कमजोर स्थिति में दिखाई दे रहा है। इसके चलते अमेरिका समर्थित शक्तियों द्वारा ईरान पर दबाव और हमलों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अजय भांबी के अनुसार गोचर में वर्तमान में मंगल और राहू की युति को अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, जो युद्ध, सैन्य गतिविधियों तथा अचानक तनाव बढ़ने के संकेत देती है। इसके साथ ही सूर्य, बुध और शुक्र भी कुंभ राशि में यह ग्रह स्थिति देशों के बीच मतभेद और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकती है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार आगामी 15 मार्च को सूर्य के राशि परिवर्तन (संक्रांति) के दौरान शनि के प्रभाव क्षेत्र में प्रवेश से राजनीतिक और सैन्य स्तर पर सख्ती बढ़ने की संभावना है। इसके बाद 2 अप्रैल 2026 को मंगल का भी इसी क्षेत्र में प्रवेश होने से तनाव और अधिक गहराने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर टकराव की स्थिति लंबी खिंच सकती है।

## चंडीगढ़ से अबू धाबी और दुबई जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल, एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

**चंडीगढ़ (पी एम ए) शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट** से अबू धाबी और दुबई जाने वाली कई फ्लाइट्स को मौजूदा तनावपूर्ण हालातों के कारण रद्द कर दिया गया है। खास तौर पर इंडिगो द्वारा रविवार और सोमवार को फ्लाइट्स कैंसिल करने की पुष्टि की है। एयरलाइंस द्वारा पैसेंजर्स को सलाह दी जा रही हैं कि एयरपोर्ट पहुंचने से पहले अपनी फ्लाइट्स का स्टेटस चेक कर लें। मौजूदा इंटरनेशनल हालात को देखते हुए चंडीगढ़ से अबू धाबी और दुबई जाने वाली फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। जानकारी के मुताबिक रविवार को दुबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट आखिरी समय में कैंसिल कर दी गई। इसके अलावा सोमवार को अबू धाबी जाने वाली फ्लाइट भी कैंसिल करने की बात सामने आ रही है। एयरपोर्ट प्रशासन और एयरलाइन अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि हालातों में तनाव के कारण सुरक्षा को पहल दी जा रही है। कुछ इंटरनेशनल रूट्स में तबदीली करके उड़ानों को लंबे रास्ते से चलाने की कोशिश की जा रही है ताकि संवेदनशील इलाकों से बचा जा सके पर कई मामलों में ये संभव नहीं हो सका, जिस कारण उड़ानों को रद्द करना पड़ा। जानकारी के अनुसार रोजाना करीब 200 से 250 यात्री चंडीगढ़ से अबू धाबी और दुबई की यात्रा करते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में स्किल्ड वर्कर्स हैं जो वहां काम करते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घूमने-फिरने भी जाते हैं। फ्लाइट्स कैंसिल होने की वजह से कई पैसेंजर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद घर लौटने को मजबूर हुए, जबकि कई विदेश में भी फंसे हुए हैं और अपने परिवार के साथ लगातार संपर्क में हैं।एयरलाइंस द्वारा यात्रियों को कहा गया है कि वह अपनी टिकट का स्टेटस ऑनलाइन या कस्टमर केयर से चेक करें। रिफंड और रीशेड्यूलिंग के ऑप्शन भी दिए जा रहे हैं। इंडिगो ने खास तौर पर पैसेंजर को भरोसा दिलाया है कि जिनकी फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं, उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा या अगली उपलब्ध फ्लाइट में बिठाया जाएगा। एयरपोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने भी पैसेंजर से अपील की है कि वे बिना सही जानकारी के एयरपोर्ट न पहुंचें ताकि उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। मौजूदा तनावपूर्ण हालात को देखते हुए, अगले कुछ दिनों तक फ्लाइट शेड्यूल में और बदलाव भी हो सकते हैं। अभी हालात पर नजर रखी जा रही है और जैसे ही हालात नॉर्मल होंगे, नॉर्मल ऑपरेशन फिर से शुरू करने का फैसला लिया जाएगा। पैसेंजर से रिक्वेस्ट है कि वे सब्र रखें और सिर्फ ऑफिशियल जानकारी पर ही भरोसा करें।

## सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिनों के शोक की घोषणा

**तेहरान (पी एम ए)** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि आधिकारिक तौर पर हो चुकी है। ईरान के सरकारी मीडिया ने रविवार की सुबह को पुष्टि की कि खामेनेई अमेरिका-इजरायल हमलों में मारे गए। खामेनेई की मौत की खबर के बाद ईरानी सरकार ने 40 दिन के शोक का ऐलान किया। वहीं दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि देश खामेनेई की मौत का शोक नहीं मनाएगा। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि खामेनेई के चार रिश्तेदार, जिनमें उनकी बेटी, पोता और दामाद शामिल हैं, भी अमेरिकी-इजरायली हमलों में मारे गए।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने पर ह्लशोक नहीं मनाया जाएगा।" अल्बनीज ने रिपोर्टरों से कहा, ह्लअयातुल्लाह अली खामेनेई सरकार के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम, हथियारबंद प्रॉक्सी को सपोर्ट और अपने ही लोगों के खिलाफ हिंसा और डराने-धमकाने के क्रूर कामों के लिए जिम्मेदार थे।

## होली पर खादी-ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का भव्य समापन, बिक्री में बढ़ोतरी, कारीगरों को मिला बड़ा मंच

**लखनऊ (पी एम ए)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तथा प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान के निर्देशन में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित ह्लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनीह्व का समापन शनिवार को बोर्ड मुख्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी का आयोजन 20 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक किया गया, जिसमें प्रदेश भर के कारीगरों एवं उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर (खादी उत्पाद), द्वितीय पुरस्कार श्रुति शुक्ला, लखनऊ तथा तृतीय पुरस्कार द्राक्षा फैशन, लखनऊ को प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने, उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदर्शनी में कुल 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खादी वस्त्र, हर्बल गुलाल, पापड़-बड़ी, नमकीन, शहद, आंवला उत्पाद, चादर, गमछे, तौलिये, कुर्ता-पायजामा, रेशम व सिल्क साड़ियां तथा हस्तशिल्प आधारित वस्त्रों की विशेष मांग रही। होली के मद्देनजर बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की, जिससे इस वर्ष कुल बिक्री 54.23 लाख रुपये दर्ज की गई, जो गत वर्ष की 50.17 लाख रुपये की बिक्री से अधिक रही।

कार्यक्रम के अंत में बोर्ड के वित्तीय सलाहकार मानवेन्द्र सिंह ने सभी उद्यमियों, आगंतुकों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर कर दिया हमला, 15 भारतीय क्रू थे सवार

**नई दिल्ली (पी एम ए) मि**डिल ईस्ट में इज?ायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच क्षेत्रीय तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है. इसी कड़ी में रविवार को रणनीतिक रूप से बेहद अहम र३१३ ड्ड ल्ड्ड१४९ में एक ऑयल टैंकर पर हमला किए जाने की खबर सामने आई है. इस घटना में चार नाविक घायल हो गए, जबकि जहाज पर 15 भारतीय समेत कुल 20 क्रू सदस्य सवार थे. ओमान के मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर और सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, पलाऊ के झंडे वाले स्काइलाइट नामक तेल टैंकर को मुसंदम प्रांत के खासाब पोर्ट से लगभग पांच नॉटिकल मील दूर निशाना बनाया गया. यह हमला तब हुआ जब अधिकारियों ने कहा कि जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया है, ईरान रेडियो के जरिए स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों को धमकी दे रहा है. यह स्ट्रेट इतना महत्वपूर्ण है कि यहीं से दुनियाभर को लगभग 20 फीसदी तेल जाता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, हालिया अमेरिकी और इज?ायली सैन्य कार्रवाइयों के बाद ईरान की ओर से रेडियो प्रसारण के जरिए इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को चेतावनियां दी जा रही थीं. समुद्री अधिकारियों और यूरोपीय संघ के नेवल मिशन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाजों को सतर्क रहने और क्षेत्र से गुजरने से बचने की सलाह दी है. हालांकि तेहरान ने औपचारिक रूप से जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा नहीं की है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिए हैं और कई बड़ी शिपिंग कंपनियों ने अस्थायी रूप से अपने शिपमेंट रोक दिए हैं.

**क्यों अहम है होर्मुज जलडमरूमध्य?**

फारस की खाड़ी को हिंद महासागर से जोड़ता है और ईरान तथा ओमान के मुसंदम क्षेत्र के बीच स्थित है. लगभग 50 किलोमीटर चौड़ा यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए जीवनरेखा माना जाता है. दुनिया के कुल तेल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत इसी रास्ते से गुजरता है. अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऑयल चेकपॉइंट्स में से एक है. एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यदि यह जलमार्ग अवरुद्ध होता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि इसके विकल्प बेहद सीमित हैं. आंकड़ों के मुताबिक, यहां से गुजरने वाले 80 प्रतिशत से अधिक तेल और गैस की आपूर्ति एशियाई बाजारों को होती है. चीन, जो ईरान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, ईरान के तेल निर्यात का 90 प्रतिशत से अधिक खरीदता है. इस क्षेत्र में ईरान के नियंत्रण वाले होर्मुज, केशम और लारक जैसे द्वीप रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं. इसके अलावा ग्रेटर टुंब, लेसर टुंब और अबू मूसा जैसे विवादित द्वीप भी इसी क्षेत्र में स्थित हैं, जिन पर 1971 से ईरान का नियंत्रण है और जिन्हें लेकर संयुक्त अरब अमीरात के साथ विवाद रहा है. विश्लेषकों का मानना है कि यदि क्षेत्र में तनाव और बढ़ता है, तो इसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार, शिपिंग इंडस्ट्री और समुद्री सुरक्षा पर पड़ेगा. फिलहाल अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें इस संवेदनशील समुद्री मार्ग पर टिकी हुई हैं।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं ने होली और होलिका दहन पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ (पी एम ए) रंगों** के पावन पर्व होली और होलिका दहन के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने अपने संदेशों में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली सामाजिक समरसता का सजीव प्रतीक है। लोगों से जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि पानी की हर बूंद भविष्य के लिए अमूल्य है। रासायनिक रंगों से बचने और पुष्पों तथा प्राकृतिक तत्वों से बने रंगों के प्रयोग पर जोर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि त्योहार को हर्षोल्लास, शालीनता और मयार्दा के साथ मनाएं। अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर भक्ति की विजय के पावन प्रतीक पर्व होलिका दहन की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आइए, इस पुण्य अवसर पर हम सभी अपने जीवन से नकारात्मकता, द्वेष और कुविचारों का दहन कर प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का संकल्प लें। उन्होंने अफवाहों, उकसावे और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने व प्रशासन का सहयोग करने को कहा। साथ ही बताया कि सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है, ताकि रंगोत्सव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के उपयोग के माध्यम से ह्वोकल फार लोकलह्व अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की, जिससे हस्तशिल्पियों और छोटे उद्यमियों को लाभ मिल सके।

## यूपी में बरसात! होली पर 'गदर' काटेगा मौसम, अगले तीन दिन तूफानी हवाओं का अलर्ट

**लखनऊ (पी एम ए) शीत** ऋतु के दौरान प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता कम रहने से सामान्य से कम वर्षा हुई। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अब मार्च के प्रथम सप्ताह के शुरूआती तीन-चार दिनों में में प्रदेश में 25-35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलेंगी। इससे तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन सप्ताह के अंत में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के आसार हैं।

**प्रदेश में तीन-चार दिन 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा**

मौसम विज्ञानी डॉक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मार्च में प्रदेश के ज्यादातर भाग में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहेगा। हालांकि उष्ण लहर नहीं चलने के बावजूद आगामी ग्रीष्म ऋतु (मार्च-अप्रैल-मई) के दौरान औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसके दृष्टिगत ग्रीष्म ऋतु के उत्तरार्द्ध में पूर्वांचल समेत प्रदेश के तराई इलाकों में लू के दिनों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना है।

**प्रदेश के एक तिहाई से अधिक जिलों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक**

अतुल कुमार ने बताया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान औसत मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मार्च के प्रथम सप्ताह के शुरूआती तीन-चार दिनों के दौरान प्रदेश में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन इसके बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।

प्रदेश में रविवार को एक तिहाई से अधिक जिलों का अधिकतम तामपान में 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। लखनऊ का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

## राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी) में नागरिकों द्वारा दी गई रेटिंग के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान

**लखनऊ (पी एम ए)** मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी 2.0) संचालित है, जिसमें नागरिकों द्वारा अपनी शिकायतों एवं प्रश्नों को दर्ज और ट्रैक किया जा सकता है।

## महेशतला के अभिजात आवास में आग, मची अफरा-तफरी

**दक्षिण 24 परगना, 01 मार्च। म**हेशतला के एक अभिजात आवासीय परिसर में रविवार को आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद शुरूआती तौर पर आवास के निवासियों ने ही आग बुझाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जानकारी के अनुसार, इडेन सिटी आवास के ई-4 टावर की चौथी मंज़िल पर आग लगी। आग की खबर मिलते ही भयभीत निवासी नीचे उतर आए। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। घटना की सूचना पाकर महेशतला थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ई-4 टावर की चौथी मंज़िल से घना काला धुआं निकलता देखा गया। परिसर में कई ब्लॉक हैं। जिस टावर में आग लगी, वहां दीवारों पर काले धब्बे पड़ गए। घटनास्थल पर सीईएससी के कर्मचारी भी पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर संबंधित टावर की बिजली आपूर्ति काट दी गई।

बताया गया कि जिस फ्लैट में आग लगी, उसका बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। हालांकि, आग लगने के समय फ्लैट के निवासी बाहर थे, इसलिए किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## हुगली में पहुंची केंद्रीय सुरक्षा बल



**हुगली, 01 मार्च ।** राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन चुनाव से काफी पहले किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती शुरू हो गई है। इसी क्रम में रविवार तड़के हुगली जिले में केंद्रीय बल के जवानों का एक दल पहुंचा।

मिली जानकारी के अनुसार, जवानों का यह दल रविवार भोर में डानकुनी स्टेशन पर पहुंचा। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में पांच और बाद में तीन कंपनी केंद्रीय बल कमिश्नरेट क्षेत्र में आएंगी। इन्हें विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा।

इसके अलावा, हुगली ग्रामीण पुलिस क्षेत्र के लिए भी अलग से केंद्रीय बल भेजे जाएंगे। इससे पहले नदिया और मालदह जिलों में भी केंद्रीय सुरक्षा बल पहुंच चुके हैं।

प्रशासन के अनुसार, केंद्रीय बलों की यह अग्रिम तैनाती मुख्य रूप से आम लोगों के बीच सुरक्षा का भरोसा और मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है।

# वोट से पहले फिर गरमाया गोरखालैंड मुद्दा, नितिन नवीन से मिले गोरखा नेता

**दार्जिलिंग, 02 मार्च।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले गोरखालैंड का मुद्दा फिर सियासी चर्चा के केंद्र में आ गया है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता नितिन नवीन के साथ हुई बैठक में गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपनी पुरानी मांगों को सामने रखा। गोरखाओं ने साफ कहा कि यदि गोरखालैंड का गठन संभव नहीं है, तो उत्तर बंगाल को केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह बैठक बंगाल भाजपा की परिवर्तन यात्रा के सिलसिले में सिलीगुड़ी में हुई, जहां गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने नितिन नवीन का पारंपरिक गोरखा टोपी पहनाकर स्वागत किया। बैठक में गोरखाओं ने पहाड़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2007 के आंदोलन के बाद गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) का गठन




जरूर हुआ, लेकिन उससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। गोरखालैंड की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत गोरखा समुदाय का कहना है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य विभाजन का सवाल बीजेपी के लिए भी संवेदनशील है, फिर भी इस बार गोरखाओं ने वैकल्पिक तौर पर उत्तर बंगाल को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग उठाई है। बैठक के बाद दार्जिलिंग से भाजपा विधायक नीरज जिम्बा ने कहा, ह्लजब गोरखाओं के साथ बैठक होगी, तो गोरखालैंड का मुद्दा उठना स्वाभाविक है।ह्व वहीं, दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने कहा कि हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। ह्लभारतीय जनता पार्टी चाहती है कि सभी समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। 2026 में अगर राज्य में बीजेपी की सरकार बनती है, तो पहाड़ की समस्या का स्थायी समाधान जरूर होगा, उन्होंने दावा किया। सिलीगुड़ी के भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि बैठक में क्या चर्चा हुई, इसकी पूरी जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन पार्टी संतुलन बनाए रखते हुए पहाड़ की समस्या का समाधान तलाशेगी। उल्लेखनीय है कि पहाड़ी इलाकों में बीजेपी को लंबे समय तक समर्थन मिला है और दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर पार्टी लगातार जीत दर्ज करती रही है। इसके बावजूद गोरखा समुदाय का आरोप है कि उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुईं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा मध्यस्थ नियुक्त किए जाने के बाद नितिन नवीन की यह बैठक सियासी रूप से काफी अहम मानी जा रही है।

## गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस से तीन बांग्लादेशी महिलाएं



**मालदह, 02 मार्च। अवै**ध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में बांग्लादेश की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को गुवाहाटीझ्रबेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन से रेल पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने पुष्टि की कि तीनों महिलाएं बांग्लादेश की नागरिक हैं और उनके पास भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस और रेल सूत्रों के अनुसार, मयमनसिंह जिले की रहने वाली इन तीनों महिलाओं ने एक दलाल की मदद से बिना वैध कागजात के असमझ्रबांग्लादेश सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद दलाल के माध्यम से कर्नाटक जाने की व्यवस्था की गई। सोमवार को वे एनजेपी (न्यू जलपाईगुड़ी) से गुवाहाटीझ्रबेंगलुरु एक्सप्रेस में सवार हुई थीं। मालदा स्टेशन पर रेल पुलिस द्वारा विभिन्न डिब्बों में नियमित तलाशी और निगरानी की जा रही थी। तीनों महिलाएं जनरल कोच में यात्रा कर रही थीं। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश की नागरिक हैं और बिना वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि वे सिलेट सीमा पार कर भारत में आई थीं और रोजगार की तलाश में बेंगलुरु जा रही थीं। रेल पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन दलालों की मदद से उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की और भारत में प्रवेश किया।

## कोलकाता में केंद्रीय कृषि मंत्री ने जूट, जल प्रबंधन व मत्स्य क्षेत्र में सुधार पर दिया जोर

**कोलकाता, 02 मार्च ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोलकाता स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों की व्यापक समीक्षा बैठक की। सोमवार को हुई इस बैठक में जूट क्षेत्र को सशक्त बनाने, कृषि की स्थिरता बढ़ाने और मत्स्य आधारित ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने जूट उद्योग को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों की समीक्षा की, जिनमें कच्चे जूट की गुणवत्ता, ग्रेडिंग प्रणाली और किसानों को प्रभावित करने वाली जल संकट जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने ग्रेडिंग की सटीकता सुधारने, उचित मूल्य सुनिश्चित करने और कुल उत्पादकता बढ़ाने के लिए समाधान विकसित करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने जूट उत्पादों में विविधता लाने और निर्यात अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका कहना था कि मूल्य संवर्धित जूट उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक प्राकृतिक रेशे के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत करने में मदद करेंगे। इसके लिए उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, उद्योग के हितधारकों और सरकारी एजेंसियों के समेकित दृष्टिकोण की आवश्यकता बताई।

## एसएससी घोटाला मामले में पार्थ-अर्पिता फिर तलब

**कोलकाता, 02 मार्च ।** एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पार्थ चट्टोपाध्याय और उनकी करीबी अर्पिता मुखोपाध्याय की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ने वाली हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दोनों को पूछताछ के लिए तलब करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, होली (दोल) के बाद उन्हें ईडी कार्यालय में पेश होने को कहा जाएगा। जानकारी के अनुसार, एसएससी घोटाले की जांच के दौरान कई अहम बिंदुओं पर पार्थ चट्टोपाध्याय और अर्पिता मुखोपाध्याय के नाम सामने आए हैं। इसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर मामले से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करना चाहता है।उल्लेखनीय है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चट्टोपाध्याय को पहले गिरफ्तार किया गया था। बाद में



उनकी करीबी अर्पिता मुखोपाध्याय को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी दोनों कर रही हैं और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है।ईडी सूत्रों के मुताबिक, एसएससी भर्ती घोटाले से जुड़े मनी ट्रेल और अन्य दस्तावेजों की जांच में कई जगह दोनों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसी कड़ी में पूछताछ का निर्णय लिया गया है।

मंगलवार को होली होने और सप्ताह में छुट्टियों के माहौल के चलते, तत्काल पूछताछ की संभावना कम है। ईडी सूत्रों के अनुसार, 16 से 18 मार्च के बीच पार्थ चट्टोपाध्याय और अर्पिता मुखोपाध्याय को समन भेजा जा सकता है। दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अर्पिता मुखोपाध्याय के फ्लैट से करोड़ों रुपये नकद बरामद होने का आरोप सामने आया था, जिसने इस पूरे घोटाले को राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में ला दिया था।

## पूर्व पंचायत प्रधान के तालाब से दो टोटो बरामद

**कूचबिहार, 02 मार्च ।** जिले के मेखलीगंज के वोटबाड़ी इलाके में सोमवार को एक पूर्व पंचायत प्रधान के तालाब से रहस्यमय तरीके से दो टोटो (ई-रिक्शा) बरामद किए गए। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, वोटबाड़ी के पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह सरकार के तालाब में पानी के नीचे इन दोनों टोटो का पता चला।

मृत्युंजय सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तालाब में कुछ तैरता हुआ नजर आ रहा था। दूर से देखने



पर लगा कि किसी ने प्लास्टिक या तिरपाल फेंक दिया है। सोमवार सुबह एक व्यक्ति जब उस प्लास्टिक को हटाने के लिए तालाब में उतरा तब पता चला कि वह टोटो की छत है। जांच करने पर पानी के भीतर पूरा टोटो डूबा मिला। थोड़ी और तलाश करने पर उसके पास ही एक और टोटो भी मिला। सूचना पाकर मेखलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पूर्व प्रधान का अनुमान है कि कुछ अज्ञात लोगों ने कई दिन पहले टोटो को तालाब में डुबोकर फरार हो गए।

सवाल उठ रहा है कि क्या ये टोटो चोरी के थे? क्या किसी आपराधिक वारदात के बाद सबूत मिटाने के लिए इन्हें पानी में छिपाया गया था?

पुलिस स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से दोनों टोटो को तालाब से बाहर निकाला। टोटो की नंबर प्लेट और इंजन नंबर की जांच कर मालिक का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस को आशंका है कि इस मामले में किसी बड़े चोरी गिरोह का हाथ हो सकता है।

# एसएससी ग्रुप-सी परीक्षा में मोबाइल के साथ दो परीक्षार्थी गिरफ्तार

**बांकुड़ा, 01 मार्च । स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की** ग्रुप-सी परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी के बावजूद नियम तोड़ने का मामला सामने आया है। परीक्षा देने पहुंचे दो परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन के साथ पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपित मालदह जिले के निवासी बताए गए हैं। रविवार को दोनों युवक बांकुड़ा में परीक्षा देने पहुंचे थे। मिली जानकारी के अनुसार, विष्णुपुर रामानंद कॉलेज के परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने



के कुछ ही देर बाद परीक्षकों को दोनों की गतिविधियों पर संदेह हुआ। दोबारा तलाशी लेने पर उनके पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद दोनों को विष्णुपुर थाना की पुलिस के हवाले कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि एसएससी ने ग्रुप-सी परीक्षा को पारदर्शी और निर्विघ्न कराने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे। परीक्षार्थियों के लिए पांव ढकने वाले जूते पहनना प्रतिबंधित था और परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर से पूरी जांच के बाद ही अनुमति दी जा रही थी। इसके बावजूद दोनों परीक्षार्थी मोबाइल फोन लेकर परीक्षा में बैठ गए। बताया गया कि वे कॉलेज के अलग-अलग कमरों में परीक्षा दे रहे थे।

# सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहर कंक्रीट टूटने से सुरक्षा पर सवाल

**कोलकाता, 02 मार्च। साल्टलेक में ग्रीन लाइन मेट्रो को लेकर** यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। सोमवार सुबह साल्टलेक स्थित कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहरी हिस्से से अचानक चांगड़ (कंक्रीट का टुकड़ा) गिरने की घटना सामने आई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मेट्रो सेवा की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए। सोमवार सुबह व्यस्त समय में स्टेशन के नीचे सड़क पर कंक्रीट का हिस्सा गिर पड़ा। कुछ जगहों पर स्टेशन के निचले हिस्से की सीमेंट परत भी उखड़ती दिखी। घटना के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी। सौभाग्य से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के प्रभावित हिस्से को घेर दिया गया। इसके साथ ही मेट्रो रेल प्रशासन को भी जानकारी दी गई। मेट्रो अधिकारियों और इंजीनियरों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। मेट्रो सूत्रों के मुताबिक, यह जांच की जा रही है कि चांगड़ गिरने की वजह क्या रही—निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी थी या रखरखाव में कोई चूक हुई।

अधिकारियों ने बताया कि संबंधित हिस्से की मरम्मत का काम जल्द शुरू किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि पिछले साल ब्लू लाइन पर कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन के पिलरों में दरारें सामने आने के बाद स्टेशन को बंद कर दोबारा निर्माण का फैसला लिया गया था। ऐसे में अपेक्षाकृत नए सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन पर हुई इस घटना ने यात्रियों के बीच डर और असमंजस बढ़ा दिया है। घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों में चिंता है कि क्या ग्रीन लाइन पर मेट्रो सेवा पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। हालांकि, मेट्रो प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सेवा पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ेगा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# तनाव का सीधा असर विमान सेवाओं पर, दमदम से पश्चिम एशिया की 20 उड़ानें रद्द

**कोलकाता**

**अमेरिका-ईरान के** बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालात का सीधा असर विमान सेवाओं पर पड़ा है। सोमवार को भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (दुमदुम) से पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों के लिए उड़ानें रद्द रहीं। दमदम एयरपोर्ट से पांच एयरलाइंस की कुल 20 उड़ानें (आना-जाना मिलाकर) रद्द की गईं। रद्द उड़ानों में एमिरेट्स की आठ, कतर एयरवेज की चार, इतिहाद एयरवेज की चार, एयर अरबिया की दो और फ्लाई दुबई की दो उड़ानें शामिल हैं। इन रद्दीकरणों से दुबई, दोहा और अबू धाबी जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा पश्चिम एशिया के दुबई सहित कई बड़े हवाई अड्डे वैश्विक विमान परिवहन के प्रमुख ट्रांज़िट हब हैं, जिनके जरिए भारत से यूरोप और अमेरिका की यात्राएं होती हैं। कोलकाता से इन ट्रांज़िट हब्स के लिए नियमित सीधी उड़ानें संचालित होती हैं, लेकिन मौजूदा अस्थिरता के चलते सेवाएं बाधित हो गई हैं।

केवल दमदम ही नहीं, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख हवाई अड्डों से भी पश्चिम एशिया की कई उड़ानें रद्द की गई हैं। दरअसल, अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ गया है, जिसके चलते दुबई सहित कई अहम शहरों में विमान सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं इस स्थिति में जहां भारत से जाने वाले कई यात्री अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय नागरिक भी वीजा और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। विदेशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी की बैठक में चर्चा हुई, जिसमें रविवार रात दिल्ली लौटते ही नरेंद्र मोदी शामिल हुए।

उधर, भारत में फंसे विदेशी नागरिकों से चिंता न करने की अपील की गई है। रविवार को भारत का विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में हालिया तनाव के कारण भारत में मौजूद विदेशी नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है।

## सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहर कंक्रीट टूटने से सुरक्षा पर सवाल

**कोलकाता, 02 मार्च।** साल्टलेक में ग्रीन लाइन मेट्रो को लेकर यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। सोमवार सुबह साल्टलेक स्थित कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहरी हिस्से से अचानक चांगड़ (कंक्रीट का टुकड़ा) गिरने की घटना सामने आई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मेट्रो सेवा की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह व्यस्त समय में स्टेशन के नीचे सड़क पर कंक्रीट का हिस्सा गिर पड़ा। कुछ



जगहों पर स्टेशन के निचले हिस्से की सीमेंट परत भी उखड़ती दिखी। घटना के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी। सौभाग्य से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के प्रभावित हिस्से को घेर दिया गया। इसके साथ ही मेट्रो रेल प्रशासन को भी जानकारी दी गई। मेट्रो अधिकारियों और इंजीनियरों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया।

देश का दर्पण
जयपुर, मंगलवार
03.03.2026


# पूंडरी में दो दिवसीय हरियाणवी रागनी कम्पीटिशन में उमड़ा जनसैलाब, लोक संस्कृति के रंग में रंगा शहर




**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** नई अनाज मंडी, पाई रोड पूंडरी में 28 फरवरी और 1 मार्च 2026 को आयोजित दो दिवसीय हरियाणवी रागनी कम्पीटिशन ने पूरे क्षेत्र को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया। दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में रागनी प्रेमियों ने पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। मंच को पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया था और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के पहले दिन महाशय वीरपाल खरकिया की हिट रागनियों ने खूब वाहवाही बटोरी। उन्होंने अपनी दमदार आवाज और पारंपरिक शैली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों के दौरान श्रोता तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। कई बार तो दर्शक खुद को रोक नहीं पाए और रागनी की धुन पर झूमते नजर आए। पहले दिन अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिससे माहौल देर तक उत्साहपूर्ण बना रहा। दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय हरियाणवी कलाकार विकास सातरोड ने मंच संभाला और अपनी लोकप्रिय रागनियों के माध्यम से लोगों को हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। उनकी प्रस्तुति में सामाजिक संदेश, वीर रस और लोक जीवन की झलक देखने को मिली। जैसे ही उन्होंने अपनी चर्चित रागनियां सुनानी शुरू कीं, पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। महिला रागनी कलाकारों के संग लोग ठुमके लगाते नजर आए, युवाओं के साथ साथ बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में हास्य कलाकार महेंद्र सिंह झंडू ने अपने चुटीले अंदाज से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। उनके चुटकुलों और हास्य संवादों पर दर्शक ठहाके लगाते रहे। उन्होंने सामाजिक व्यंग्य के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ संदेश भी दिया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मार्किट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाना ने अपने संबोधन में कहा कि रागनी गीत-संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराते हैं। उन्होंने आयोजन कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से क्षेत्र में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ती है और कलाकारों को मंच मिलता है। आयोजन कमेटी सदस्यों अनाज मंडी के पूर्व प्रधान ध्यान चंद मूंदड़ी, पूर्व चेयरमैन नपा सुरेश सैनी, अजमेर गोलन, पार्षद प्रतिनिधि हिशम सिंह भुक्कल, सतपाल मलिक, बलबीर सैनी, महेंद्र सैनी, नफे सिंह सैनी आदि ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मनोरंजन और लोक संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से इस प्रकार के रागनी कम्पीटिशन का आयोजन किया जाता है।

## गांव हाबड़ी की बेटी हरप्रीत कौर ने सीएसआईआर नेट में आईआर 26 प्राप्त करके बढ़ाया क्षेत्र का मान



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव हाबड़ी निवासी साहब सिंह की पुत्री हरप्रीत कौर ने सीएसआईआर नेट 2025 की परीक्षा में लेक्चरशिप श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 26 प्राप्त करके पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करके गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि समस्त क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। इस खुशी के अवसर पर साहब सिंह द्वारा एक स्नेहिल जलपान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने हरप्रीत कौर को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने बिटिया हरप्रीत को आशीर्वाद दिया। सभी ने हरप्रीत कौर की मेहनत, लगन और प्रतिभा की सराहना करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। हरप्रीत कौर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और मार्गदर्शकों को देते हुए विशेष रूप से अपने अंकल अशोक कुमार (करनाल) का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को हासिल करने में अंकल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कठिन समय में उन्होंने निरंतर प्रेरित किया और आगे बढ़ने का हौसला दिया। हरप्रीत ने बताया कि उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही वह अपने लक्ष्य तक पहुँच पाईं। हरप्रीत कौर बॉटनी विषय में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे वैज्ञानिक शोध एवं प्रकृति के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल करें तथा देश-विदेश में अपना और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर गुरविंदर सिंह, सरपंच हाबड़ी, राजेश मैहला, सरपंच मुन्नारेहड़ी, नरेंद्र कुमार, सरपंच प्रतिनिधि पिलनी, दविंदर सिंह, हाबड़ी, जरनैल सिंह साहू, पुंडरी
सरदार अजीत सिंह (प्रधान, पूर्व किसान यूनियन हरियाणा)
जनपाल सिंह कोटिया, बलजीत सिंह
गुरबक्श सिंह, नंबरदार हाबड़ी, सरदार सूरत सिंह, लखा सिंह, रशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग ने मानवाधिकार जागरूकता के लिए घर-घर तक पहुँच बनाई झ पद्मश्री जतिंदर सिंह शंटी



**पटियाला, 02 मार्च: ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
पंजाब राज्य और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मानवाधिकार आयोग (पी.एस.एच.आर.सी.) के सदस्य पद्मश्री जतिंदर सिंह शंटी ने आज पटियाला में मानवाधिकार जागरूकता और लोगों की शिकायतों के निवारण संबंधी एक खुली सुनवाई का कैंप लगाया। इस अवसर पर शंटी ने जोर देकर कहा कि मानवाधिकार आयोग राज्य भर में घर-घर तक पहुँच बनाकर किसी भी प्रकार से पीड़ितों के मानवाधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। पद्मश्री शंटी ने मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायतों के लिए आयोग का व्हाट्सऐप नंबर 9855475547 जारी करते हुए कहा कि यदि कहीं भी मानवाधिकारों का हनन होता है, तो इस संबंध में लिखित शिकायत आयोग को दी जाए, जिस पर दो दिनों के भीतर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। आयोग सदस्य जतिंदर सिंह शंटी ने जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालीआ की ओर से ए.डी.सी. शहरी विकास नवरीत कौर सेखों, एस.पी. सिटी पलबिंदर सिंह चीमा, केंद्रीय जेल के सुपरिंटेंडेंट गुरचरन सिंह ढालीवाल, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायत, बिजली तथा अन्य विभागों के अधिकारियों सहित पटियाला की सामाजिक सेवा संस्थाओं (एन.जी.ओ.) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की और पीड़ितों की शिकायतें भी सुनीं। इस अवसर पर शंटी ने बताया कि आयोग राज्य भर के सभी जिलों में 15-सदस्यीय कोर ग्रुप का गठन कर रहा है, जिसमें जिले की सामाजिक सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा और हर जिले में आयोग की एक शाखा खोली जाएगी, ताकि पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कोर ग्रुप बनाने वाला पंजाब देश का पहला आयोग बन रहा है। इससे पहले उन्होंने सरकारी राजिंदरा अस्पताल का अचानक दौरा किया और वहाँ की इमरजेंसी, एंबुलेंस सेवाओं सहित अन्य पहलुओं का निरीक्षण किया। पद्मश्री शंटी ने मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मानवाधिकार और अधिक बेहतर बनाने के लिए एन.जी.ओ. से सुझाव भी लिए। ए.डी.सी. नवरीत कौर सेखों, एस.पी. पलविंदर सिंह चीमा और नगर निगम के संयुक्त कमिश्नर मनरीत राणा ने आश्वासन दिया कि आयोग के निर्देशों की पूरी तरह से पालना की जाएगी। इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य इस्लाम अली, मानवाधिकार आयोग सदस्य के सचिव बलदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में पटियाला की एन.जी.ओ. के सदस्य मौजूद थे।

पद्मश्री जतिंदर सिंह शंटी ने पटियाला जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए लोगों को न्याय दिलाने के लिए और अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए तथा एन.जी.ओ. की प्रशंसा करते हुए जिला प्रशासन को इन सामाजिक सेवा संस्थाओं का सहयोग करने के लिए भी कहा। जतिंदर सिंह शंटी ने बताया कि पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी सलाहों को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके तहत अब कोई भी सरकारी या निजी अस्पताल किसी मरीज या मृतक के शरीर को बिल भुगतान न होने पर नहीं रोक सकेगा। इसके अलावा हर अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपयुक्त शवगृह सुविधा और एंबुलेंस वैन सेवाएँ प्रदान करना शामिल है। उन्होंने बताया कि लावारिस या आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के अंतिम संस्कार/दफन के लिए सहायता सुनिश्चित करने हेतु भी आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गाँवों में शव रखने के लिए मॉर्चरी बॉक्स उपलब्ध करवाने, सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण—जूते, दस्ताने, सैनिटाइजर—और बीमा सुविधाएँ देने के निर्देश भी जारी हुए हैं। इसके अलावा, 112 पर कॉल कर गंभीर मरीजों को अस्पताल तक पहुँचाने वाली एंबुलेंस के लिए पुलिस पायलट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। जतिंदर सिंह शंटी ने 1947 के कत्लेआम, भोपाल गैस त्रासदी और 1984 के सिख नरसंहार का हवाला देते हुए कहा कि उस दौर में मानवाधिकार आयोग की अनुपस्थिति के कारण ही पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका, परंतु अब ऐसा नहीं होगा।

## जाजनपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव जाजनपुर में आज एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर (कैंप) का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल के सहयोग से डॉक्टरों की टीम द्वारा लगाया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें समय पर जांच व दवाइयों का लाभ देना रहा। कैथल सांसद कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान के निदेर्शानुसार आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता गुरनाम जाजनपुर, सरपंच जोगेंद्र सिंह श्योकंद, सभी पंच, सोहन लाल, करण सिंह, शीशपाल, प्रेम चंद, हरिपाल, सुरेंद्र श्योकंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। महिलाओं और बुजुर्गों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।। गुरनाम जाजनपुर और सरपंच जोगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं और आमजन को राहत प्रदान करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

# पंजाब सखी शक्ति क्राफ्ट मेला: स्कूल और कॉलेज के टैलेंट सर्च कॉम्पिटिशन



**पटियाला 02 मार्च: ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** आज, पंजाब सरकार की लीडरशिप और डिप्टी कमिश्नर पटियाला श्री वरजीत वालिया की देखरेख में शीश महल में हो रहे पंजाब सखी शक्ति क्राफ्ट मेले के दौरान, कॉलेज और स्कूल के स्टूडेंट्स के लिए टैलेंट सर्च कॉम्पिटिशन, ड्रामा और बड़ों का शो ऑर्गनाइज किया गया। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर कम मेला ऑफिसर दमनजीत सिंह मान, असिस्टेंट मेला ऑफिसर नमन मरकन रउ्ट राजपुरा और अशोक कुमार रउ्ट पातड़ा की देखरेख में हुए इन कॉम्पिटिशन में स्टूडेंट्स ने बड़े जोश के साथ हिस्सा लिया। अलग-अलग स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स ने गेस्ट के तौर पर कल्चरल परफॉर्मेंस दी। प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी लीगल ऑफिसर रंजीत कौर, लैंग्वेज डिपार्टमेंट पंजाब के रिसर्च ऑफिसर डॉ. सुखदर्शन सिंह चहल, डॉ. नरिंदर सिंह तेजा ने की। नटराज संस्था ने पद्मश्री प्राण सभरवाल के निर्देशन में पर्यावरण, नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों पर व्यंग्य करते हुए नाटकों का सुंदर मंचन किया। स्कूल स्तर के प्रतिभा खोज मुकाबलों में हरलीन कौर करियर अकादमी (गायन) ने पहला स्थान, अमरीन कौर (लोक नृत्य) जमेज पब्लिक स्कूल और सुहानी (लोक नृत्य) सरकारी माध्यमिक विद्यालय पुरानी पुलिस लाइन ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, हरनूर कौर और मनताज कौर (लोक नृत्य) करियर अकादमी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज स्तर के मुकाबलों में खुशी सैनी (लोक नृत्य) सरकारी कॉलेज फॉर गर्ल्स, पटियाला ने पहला स्थान और नितका (तालबद्ध जिमनास्टिक) सरकारी कॉलेज फॉर गर्ल्स, पटियाला ने दूसरा स्थान हासिल किया। इन मुकाबलों के जज डॉ. सुखदर्शन सिंह चहल, रणजीत कौर और भावना शर्मा थे। सीनियर सिटीजन सोलो डांस मुकाबलों में गुरिंदर सिंह कंबोज ने पहला स्थान और रणजीत सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि महिलाओं के वर्ग में सजनी ने पहला स्थान हासिल किया। पेयर डांस में दविंदर सिंह और गुरप्रीत कौर की जोड़ी ने पहला स्थान जीता। इन कॉम्पिटिशन में करीब तीन दर्जन कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया।

मिसेज रूपवंत कौर की देखरेख में हुए इस इवेंट को डॉ. नरिंदर सिंह तेजा ने अच्छे से कंडक्ट किया। इस मौके पर मा. कुलदीप सिंह, लखविंदर सिंह, भावना शर्मा, रूपिंदर कौर, किरना देवी, रीना, बलजीत कौर, आशु रानी, ??जसप्रीत कौर और दूसरे डिपार्टमेंट की टीमों ने इवेंट को सफल बनाने में मदद की।

## संवैधानिक देशभक्ति: इस्लामी परंपरा की ऐतिहासिक मिसाल



**धर्म के नाम पर मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच स्थायी टकराव** की धारणा को कई इस्लामी इतिहासकार और विद्वान ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत मानते हैं। उनका कहना है कि इस्लाम की प्रारंभिक राजनीतिक परंपरा ही बहुलतावाद और साझी नागरिकता पर आधारित रही है। इस संदर्भ में 622 ईस्वी का ऐतिहासिक दस्तावेज – मदीना का चार्टर – विशेष महत्व रखता है, जिसे कई शोधकर्ता दुनिया के शुरूआती संवैधानिक ढांचों में गिनते हैं। जब पैगंबर मुहम्मद मक्का से हिजरत कर मदीना पहुंचे, तब शहर कबीलाई झगड़ों, धार्मिक मतभेदों और सामाजिक तनाव से गुजर रहा था। उस समय अलग धार्मिक राज्य बनाने की संभावना मौजूद थी, लेकिन इसके बजाय एक साझा राजनीतिक समझौते का रास्ता चुना गया। मदीना के चार्टर ने मुसलमानों, यहूदियों और अन्य कबीलों को एक राजनीतिक समुदाय के रूप में मान्यता दी। दस्तावेज में स्पष्ट किया गया कि सभी समुदाय अपने-अपने धर्म और परंपराएं बनाए रखेंगे, जबकि शहर की सुरक्षा, न्याय और सामूहिक हितों की जिम्मेदारी मिलकर निभाएंगे। बाहरी खतरे की स्थिति में संयुक्त रक्षा और आंतरिक विवादों में साझा न्याय व्यवस्था की व्यवस्था इस समझौते का हिस्सा थी। इतिहासकारों के अनुसार, चार्टर का यह सिद्धांत कि ॡयहूदियों के लिए उनका धर्म और मुसलमानों के लिए उनका धर्मॡ धार्मिक स्वतंत्रता और राजनीतिक साझेदारी के संतुलन को दशार्ता है। आस्था को व्यक्तिगत क्षेत्र में रखते हुए नागरिकता को साझा जिम्मेदारी के रूप में परिभाषित करना उस दौर में एक दूरदर्शी कदम माना जाता है। कई विशेषज्ञ इसे संवैधानिक देशभक्ति की शुरूआती अभिव्यक्ति बताते हैं, जहां अलग-अलग धार्मिक पहचानें एक साझा राजनीतिक ढांचे के भीतर सह-अस्तित्व रखती हैं। समकालीन दौर में कुछ कट्टरपंथी विचारधाराएं यह दावा करती हैं कि मुसलमान गैर-मुस्लिम बहुल देशों में पूर्ण निष्ठा के साथ नहीं रह सकते या लोकतांत्रिक व्यवस्था इस्लामी सिद्धांतों के विरुद्ध है। हालांकि विद्वानों का तर्क है कि मदीना का ऐतिहासिक अनुभव इस दावे का समर्थन नहीं करता। चार्टर स्वयं बातचीत, सहमति और साझी जिम्मेदारी पर आधारित राजनीतिक समझौता था, न कि किसी एक समुदाय की एकतरफा प्रभुता का दस्तावेज। भारतीय परिप्रेक्ष्य में भी कई विश्लेषक समानता देखते हैं। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और समान अधिकारों की गारंटी देता है। भारत में मुसलमान सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और लोकतांत्रिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, जिसे कुछ विशेषज्ञ साझी नागरिकता के उसी ऐतिहासिक मॉडल की आधुनिक झलक मानते हैं। उनके अनुसार, संवैधानिक ढांचे के भीतर रहते हुए सक्रिय नागरिकता निभाना इस्लामी मूल्यों से टकराव नहीं, बल्कि न्याय, अमन और जिम्मेदारी जैसे सिद्धांतों की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। इतिहास और समकालीन विमर्श यह संकेत देते हैं कि धार्मिक विविधता और राजनीतिक एकता परस्पर विरोधी नहीं हैं। मदीना का चार्टर इस बात का प्रमाण माना जाता है कि बहुल समाज में न्याय, साझेदारी और आपसी सम्मान के आधार पर स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है। (लेखक : जर्नलिस्ट कृष्ण प्रजापति कैथल से पत्रकारिता कर रहे हैं और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से जनसंचार एवं पत्रकारिता में स्नातकोत्तर हैं।)

# मुख्यमंत्री ने कार्यकत्ताओं के साथ खेली फूलों की होली, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली का दिया संदेश



**जयपुर, 02 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सोमवार को भांकरोटा स्थित संगम पैराडाइज में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकत्ताओं के साथ फूलों की होली खेली और सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली का संदेश दिया। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं, बच्चों और युवाओं से आत्मीय मुलाकात करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने रसिया गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने कलाकारों पर फूल बरसाएं और नंगाड़ा बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में हर त्योहार का विशेष महत्व है। होली का पर्व उल्लास और उमंग का उत्सव है, जो हम सभी के जीवन में नए रंग घोलता है। यह त्योहार हम सभी को एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने का संदेश देता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 28 फरवरी को अजमेर से राजस्थान को बड़ी सौगाते दी। प्रधानमंत्री ने अजमेर से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरूआत भी की। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार जताया।

श्री शर्मा ने कहा कि हमने विधानसभा में 2 साल बनाम 5 साल का प्रतिवेदन रखा। लेकिन कांग्रेस के लोग बिना बहस किए ही मैदान छोड़कर भाग गए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता ही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए युवा, किसान, महिला, मजदूर के सशक्तीकरण के लिए कार्य कर ही है। हमारी सरकार ने युवाओं को अब तक सवा लाख सरकारी नौकरियों में नियुक्ति पत्र दे दिए है तथा 1 लाख 35 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है।

हमने, वर्ष 2026 के लिए 1 लाख पदों पर भर्तियों का कलैण्डर निर्धारित किया था और अब हमने बजट में 25 हजार और पदों के लिए कलैण्डर जारी किए जाने की घोषणा की है। इस वर्ष के लिए 1 लाख 25 हजार पदों पर भर्तियों का कलैण्डर जारी होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वें मन लगाकर पढ़े और मेहनत करें। सरकार पूरी तरह से युवाओं के साथ है। उन्होंने सभी से केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांगानेर विधानसभा के सभी मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम से लौटते समय मुख्यमंत्री ने भांकरोटा में चाय की दुकान पर रूक कर चाय पी और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री निवास पर होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित इससे पहले मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में अखिल भारतीय सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा सहित विभिन्न सेवाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नायब सरकार का बजट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव : अमरजीत छाबड़ा



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा राईस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 बजट हरियाणा विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों और समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे, उद्योग और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे हरियाणा के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाओं की झलक स्पष्ट दिखाई देती है।

## धालीवाल ने केजरीवाल और सिसोदिया से मुलाकात की और "अअढ" की पंजाब यूनिट की ओर से उन्हें बधाई दी।



**अमृतसर/अजनाला, 02 मार्च :** ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ) आम आदमी पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, टछअ और पूर्व कैबिनेट मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब मामलों के इंचार्ज और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से बहुत ही निजी तौर पर मुलाकात की और मुलाकात के दौरान उन्होंने उइकद्वारा दर्ज कथित बेबुनियाद मामले में उन्हें बरी करने के दिल्ली की एक अदालत के फैसले का स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी और कहा कि अदालत की मंजूरी से उनकी (केजरीवाल और सिसोदिया की) पक्की ईमानदार राजनीति, पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार का साफ-सुथरा प्रशासन, कई विकास, रोजगार और जनकल्याण की योजनाएं, पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ जंग और गैंगस्टरों के खिलाफ ऑपरेशन परिहार से जहां आम आदमी पार्टी को पहले से ज्यादा ताकत मिलेगी, वहीं आम आदमी पार्टी की पंजाब यूनिट के सभी नेताओं और वॉलंटियर्स में नए खून का संचार होने से नई जान आएगी। मीटिंग के बाद बातचीत के दौरान ये विचार जाहिर करते हुए श्री धालीवाल ने यह भी कहा कि कोर्ट द्वारा श्री केजरीवाल और श्री सिसोदिया को बाइज्जत बरी किए जाने से विपक्षी भाजपा को आम आदमी पार्टी की कट्टर ईमानदार राजनीति पर सोची-समझी साजिश के तहत सवालिया निशान लगाकर राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने के नेगेटिव और गुमराह करने वाले प्रोपेगैंडा में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। एस. धालीवाल ने कोर्ट द्वारा मिस्टर केजरीवाल और मिस्टर सिसोदिया को बरी करने के दिए गए सम्माननीय फैसले के आधार पर कांग्रेस, इखढ और अकाली दल की सीनियर लीडरशिप द्वारा अलग-अलग की जा रही बेवजह की आलोचना पर तंज कसते हुए कहा कि असल में, अअढ की सीनियर लीडरशिप के पक्ष में कोर्ट के सम्माननीय ऐतिहासिक फैसले से इन विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों में अपनी हार साफ दिख रही है। उन्होंने इन राज्य की विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए यह भी पूछा कि अगर कोर्ट उनके पक्ष में फैसला सुनाती है और उनकी लोकसभा मेंबरशिप बहाल करने समेत दूसरे मामलों में राहत देती है, तो फैसला गुड़ जैसा मीठा और सच्चाई की जीत होगी और अगर "अअढ" लीडरशिप के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से दायर केस खारिज होते हैं, तो यह कड़वा होगा। एस. धालीवाल ने मिस्टर केजरीवाल और मिस्टर सिसोदिया के पक्ष में आए न्याय के इस फैसले को शुद्ध सोने की तरह 100 परसेंट सच्चा बताया और कहा कि सच्चाई को परेशान किया जा सकता है लेकिन हराया नहीं जा सकता।

## फुलेरा के पास भैरू की ढाणी में होली से पहले महिलाओं का सराहनीय कदम, होलिका दहन स्थल पर चलाया सफाई अभियान



**फुलेरा** होली के पावन अवसर पर फुलेरा क्षेत्र के पास स्थित भैरू की ढाणी में गांव की महिलाओं ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए होलिका दहन स्थल पर विशेष सफाई अभियान चलाया। महिलाओं ने मिलकर होलिका दहन के स्थान और आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। त्योहारों के दौरान अक्सर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैल जाती है, लेकिन भैरू की ढाणी की महिलाओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए पहले ही सफाई कर एक नई शुरूआत की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि यदि गांववासी मिलकर सहयोग करें तो स्वच्छता बनाए रखना कठिन नहीं है।

सामूहिक प्रयास से न केवल गांव साफ रहेगा बल्कि बीमारियों से भी बचाव होगा। इस अभियान में बंजारा समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# श्याम मंदिर में कल आयोजित फागण के रसिया बाबा श्याम का फागमोत्सव का हुआ आयोजन

**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव)/** शहर के प्रथम निर्माणाधीन श्याम मंदिर में कल आयोजित फागण के रसिया बाबा श्याम का फागमोत्सव का आयोजन हुआ । किन्नर समाज गादीपति राजकुमारी बाई के नेतृत्व में श्री श्याम मित्र मंडल मेड़ता सिटी परिवार द्वारा एक विशाल फाग महोत्सव का आयोजन हुआ । जिसमें श्याम जगत के ख्याति प्राप्त भजन प्रभावक गिरिराज शरण महाराज जयपुर,सुप्रसिद्ध भजन गायिका ज्योति सैनी अजमेर , गायक ललित लहरिया द्वारा बाबा श्याम एव मीरा बाई के भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी जिसमें मेड़ता सिटी के श्याम प्रेमि भजनों पर झूम उठे । जयपुर से आए कलाकार गिरिराज महाराज ने श्याम बाबा के भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तो वही अजमेर की गायिका ज्योति सैनी ने मीरा बाई और फागुन के गीतों से सबको सराबोर कर दिया । भजन गायक ललित लहरिया ने फागुन और देशभक्ति के गीतों से समां बांध दिया।
इस मौके पर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने संबोधित करते हुए कहा कि किन्नर समाज गादिपति राजकुमारी बाई के नेतृत्व में सम्पूर्ण मारवाड़ क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है । इससे समाज में सकारात्मक माहौल



उत्पन्न होता है जिससे सामाजिक समरसता का संदेश मिलता है । विधायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एकजुटता का परिचय मिलता है । इस मौके पर किन्नर समाज गादीपति राजकुमारी बाई ने कहा कि संपूर्ण समाज अपना है । भेदभाव को दूर कर हमे एक मंच पर आकर इस प्रकार के सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम में सहभागी बनना चाहिए ।

इस अवसर पर मेड़ता और आप पास के अनेक गणमान्य नागरिक और श्याम प्रेमी उपस्थित रहे । आयोजन समिति के राहुल बोराना ने बताया कि राजकुमारी बाई के नेतृत्व में आयोजित फागमहोत्सव में सभी ने आनंद के साथ विभिन प्रकार के फूलो और गुलाल के साथ महोत्सव मनाया । श्याम मित्र मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष मानक चंद दरक ने इस फाग महोत्सव में पधारे हुए सभी कलाकारों,अथितियों, श्याम भक्तों तथा नागरिकों का आभार व्यक्त किया ।

इस मौके पर किन्नर समाज गादीपति राजकुमारी बाई,विधायक लक्ष्मण राम , श्याम मित्र मंडल कार्यकारी अध्यक्ष मानक चंद दरक ,महामंत्री मनोहर लाल गहलोत,पालिका पूर्व अध्यक्ष शोभा नरेन्द्र लाहोटी, मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत,रंगतमल भैरव मुख्य उपासक शिवरतन आसिवाल, श्याम सुंदर बिड़ला,लोक अभियोजक अभिमन्यु शर्मा, राहुल बोराना , छोटूलाल गहलोत,अशोक जांगिड, उमा शर्मा रजत , सरिता टाक,तारा बाई , रणजीता बाई ,भावना बाई ,मच्छराज सिखवाल , राहुल कछवा ,रविंद्र गहलोत,मुकेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## तेज रफ्तार पिकअप के ठोकर से मामा की मौत भांजा गंभीर रूप से घायल


**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली)** पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार पातेपुर थाना क्षेत्र के बरडीहा पातेपुर रोड पर कोहाइ चौक के पास तेज रफ्तार के पिक अप से एक मोटर साइकिल सवार मामा की मौत भांजा की स्थिति गंभीर। दुर्घटना के बाद पिकअप लेकर चालक फरार। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। आनन फानन में पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया । जहां युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन को जानकारी देने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर हाजीपुर पोस्टमार्टम करने भेजा । घटना के बाद भाग रहे पिकअप का सी सी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र के बरडीहा पातेपुर सड़क पर कोहाई चौक के समीप तेज रफ्तार पिकअप के ठोकर से एक मोटर साइकिल सवार युवक का ईलाज के दौरान मौत हो गई।। युवक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के बरियारपुर थाना के बरियारपुर गांव निवासी विनय सिंह के 25 वर्षीय पुत्र मिंटू कुमार के रूप में किया गया है । बताया जाता है कि मिंटू बरडीहा की ओर से अपने घर जा रहा था। मौके पर पहुंचे पुलिस ने ठोकर से खाई में गिरे मिंटू को पी एच सी ले गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घायल भांजा बरियारपुर गांव के गनौर महतो के पुत्र अनीश कुमार के रूप में किया गया है। अनीस को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देकर पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल भेज दिया।

## फुलेरा के पास भैरू की ढाणी में होली से पहले महिलाओं का सराहनीय कदम, होलिका दहन स्थल पर चलाया सफाई अभियान

**फुलेरा** होली के पावन अवसर पर फुलेरा क्षेत्र के पास स्थित भैरू की ढाणी में गांव की महिलाओं ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए होलिका दहन स्थल पर विशेष सफाई अभियान चलाया। महिलाओं ने मिलकर होलिका दहन के स्थान और आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। त्योहारों के दौरान अक्सर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैल जाती है, लेकिन भैरू की ढाणी की महिलाओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए पहले ही सफाई कर एक नई शुरूआत की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि यदि गांववासी मिलकर सहयोग करें तो स्वच्छता बनाए रखना कठिन नहीं है। सामूहिक प्रयास से न केवल गांव साफ रहेगा बल्कि बीमारियों से भी बचाव होगा। इस अभियान में बंजारा समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रमुख रूप से लक्ष्मी बंजारा, तारा देवी, नीतू बंजारा, प्रेम देवी और पिंकी देवी सहित कई महिलाओं ने सक्रिय सहयोग दिया। सभी ने मिलकर आसपास फैले कचरे को हटाया और लोगों से अपील की कि होली के बाद भी सफाई का विशेष ध्यान रखें। महिलाओं ने यह भी संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली आदत होनी चाहिए। उनके इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में साथ देने का भरोसा दिलाया।

## होली के रंगों के साथ भरू की ढाणी में स्वच्छता और एकता का भी रंग देखने को मिला, जो अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन सकता




**लाइफएवर फिल्म्स के बैनर तले** निर्मित रोमांटिक म्यूजिकल क्रिएशन 'अगर तू साथ हो' का निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है। इसका ऑफिशियल रिलीज डेट और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की डिटेल्स मेकर्स द्वारा जल्द ही अनाउंस कर दी जाएगी। रोमांटिक गाना 'अगर तू साथ हो' दिल को छूने वाला है, जो प्यार, चाहत और साथ के इमोशंस को खूबसूरती से दिखाता है। गाने के बोल अजय कुमार ने लिखे हैं। संतोष का दिल को छू लेने वाला म्यूजिक कंपोजिशन एक जादुई टच देता है। पावरफुल और इमोशनल वोकल्स अक्षय सिंह ने दिए हैं, जिनकी आवाज ट्रैक के रोमांटिक एसेंस को और बढ़ा देती है। इस प्रोजेक्ट को अजय कुमार ने प्रोड्यूस किया है, विजुअल स्टोरीटेलिंग को डायरेक्टर रानी आरके ने कलात्मक ढंग से पेश किया है । शानदार विजुअल्स डी ओ पी दीपक ओम कुमार ने कैप्चर किया है। गाने में टैलेंटेड एक्टर अफसर किंग और ज्योति शर्मा हैं, जिनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री रोमांटिक कहानी में असलीपन और चार्म जोड़ती है। 'अगर तू साथ हो' अपने इमोशनल लिरिक्स, मधुर म्यूज़िक और शानदार परफॉर्मेंस के जरिए ऑडियंस से जुड़ने का वादा करता है। उम्मीद है कि यह गाना दिल जीत लेगा और युवा दिलों को धड़काने में कामयाब साबित होगा।
प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर मौलाना कल्बे जवाद की सामने आई प्रतिक्रिया

**लखनऊ (पी एम ए)** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष पर शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को गुमराह किया जा रहा है। पहले जब इराक पर हमला हुआ था, तो यही झूठा बहाना बनाया गया था कि वहां सामूहिक विनाश के हथियार मौजूद हैं। इराक तबाह हो गया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह सब झूठ और महज एक बहाना था। ईरान के बारे में भी यही आरोप लगाया जा रहा है कि वह परमाणु बम बना रहा है। दुनिया को उसी तरह चेतावनी दी जा रही है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। तब भी पूरी निश्चितता थी, फिर भी कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अमेरिका की प्लानिंग है कि पूरी दुनिया को अपना गुलाम बना लिया जाए। अमेरिका इसी एजेंडे पर काम कर रहा है। सिर्फ एक अकेला ईरान और खामेनेई अमेरिका की खिलाफत कर रहे थे। अमेरिका को मंजूर नहीं हुआ कि एक आदमी भी उसकी खिलाफत करे। उन्होंने कहा कि आज पूरा अरब गुलाम है। ट्रंप जो कह रहे हैं, वही किया जा रहा है।

# पीएम मोदी और मार्क कार्नी की वार्ता: भारत-कनाडा रक्षा संवाद, 50 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य पर सहमति

**नई दिल्ली (पी एम ए)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा रक्षा उद्योग, समुद्री क्षेत्र की निगरानी और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे और दोनों देशों के बीच रक्षा संवाद स्थापित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने यह घोषणा कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ नई दिल्ली में हुई वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उन्होंने कहा, "रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारी गहरी आपसी विश्वास और संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक है। हम रक्षा उद्योग, समुद्री क्षेत्र की जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ाएंगे। आज हमने भारत-कनाडा रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है।" पीएम मोदी ने मार्क कार्नी का भारत में गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी यात्रा को एक महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच पहली बैठक के बाद से संबंधों में ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता आई है। उन्होंने कहा, "विश्व में बहुत कम लोग हैं जिनकी जीवनी में दो देशों के केंद्रीय बैंक का नेतृत्व शामिल हो। मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री कार्नी को हमारी बढ़ती साझेदारी की गति के लिए श्रेय देता हूं।" प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और कनाडा का लक्ष्य है कि 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाया जाए। उन्होंने घोषणा की कि दोनों नेता जल्द ही भारत-कनाडा समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता को अंतिम रूप देंगे। पीएम मोदी ने कहा, "भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखते हैं। हम विविधता का उत्सव मनाते हैं और मानव कल्याण के लिए साझा दृष्टिकोण रखते हैं। आज हमने इस दृष्टिकोण को अगले स्तर की साझेदारी में बदलने पर चर्चा की।" उन्होंने कहा कि आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता को खोलना सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। इसके लिए दोनों नेताओं ने समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, "यह दोनों देशों में निवेश और रोजगार के अवसर पैदा करेगा। कनाडाई पेंशन फंड ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है, जो भारत की विकास कहानी में उनका विश्वास दशार्ता है।" प्रधानमंत्री ने कृषि, एग्री-टेक्नोलॉजी और खाद्य सुरक्षा को साझा प्राथमिकता बताया और घोषणा की कि भारत में भारत-कनाडा पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, "हमें खुशी है कि कनाडा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल हो गया है। साझा प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए हम इस साल भारत-कनाडा नवीकरणीय ऊर्जा और स्टोरेज समिट आयोजित करेंगे। नागरिक परमाणु ऊर्जा में हमने दीर्घकालीन यूरेनियम आपूर्ति के लिए ऐतिहासिक समझौता किया है। हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे।" पीएम मोदी ने कहा कि जन-जन के संबंध द्विपक्षीय रिश्तों की प्रेरक शक्ति हैं।

उन्होंने कहा, "आज हमने उन्हें और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एआई, स्वास्थ्य, कृषि और नवाचार के क्षेत्र में कई विश्वविद्यालयों के बीच नई साझेदारियां घोषित की गई हैं। कनाडाई विश्वविद्यालय भी भारत में कैंपस खोलने के लिए सहमत हुए हैं।"

# बंगाल में महिलाओं के लिए 5700 करोड़, सरकार बनने पर घुसपैठियों को बाहर करेंगे - अमित शाह

**कोलकाता (पी एम ए)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए प्रदेश में महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, सरकारी कर्मचारियों के हितों और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का व्यापक खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास और सुशासन के लिए ठोस और पारदर्शी कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्री ने घोषणा की कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 5,700 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान किया जाएगा। इस राशि का उपयोग महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने वाली योजनाओं पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की माताओं और बहनों की गरिमा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही, राज्य में 26,000 शिक्षकों से जुड़े विवादित मामले पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय में पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही आवश्यक वित्तीय प्रावधान भी किए जाएंगे, ताकि योग्य शिक्षकों के साथ न्याय हो सके और शिक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो। सरकारी कर्मचारियों को राहत देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि उन्हें 7वें वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाएगा। इससे लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया 26 दिसंबर तक शुरू कर दी जाएगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। इसके अलावा, बंगाल के युवाओं को सरकारी नौकरियों की भर्ती में 5 वर्ष की विशेष आयु-छूट देने की घोषणा की गई है।

अमित शाह ने कहा कि भ्रष्ट तत्वों को दिया गया राजनीतिक संरक्षण पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और परिवारों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे उन्हें किसी का भी संरक्षण प्राप्त हो। राज्य में बाहरी माफियाओं के प्रभाव को खत्म करने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा कि संगठित अपराध पर कठोर प्रहार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें राज्य से बाहर करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

टीएमसी से सवाल करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि राज्य में साइंस और टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमारे बंगाली युवाओं को रोजगार देना आपका एजेंडा है या मदरसों को बढ़ाना है? हाल ही में बंगाल का बजट विधानसभा में पास हुआ। साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिर्फ 80 करोड़ रुपए दिए, जबकि मदरसों को 5,700 करोड़ रुपए मिले। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आपका एजेंडा क्या है? क्या आपकी प्राथमिकता राज्य के युवाओं को रोजगार के मौके देना है या मदरसों की संख्या बढ़ाना है?
उन्होंने कहा कि ये तुष्टिकरण बंगाल का विकास नहीं कर सकता। अगर पिछले 15 साल को देखें, तो आज बंगाल 8 लाख करोड़ रुपए के ऋण में डूबा हुआ है। नए बच्चे के जन्म लेते ही 77 हजार रुपये का ऋण उसके ऊपर आ जाता है। भ्रष्टाचार तो इन्होंने इतना बढ़ा दिया कि बंगाल का नाम आते ही देश में सबसे पहले टीएमसी की भ्रष्टाचारी सरकार का नाम आता है।

## अज्ञात बदमाश ने गाड़ी में लगाई आग



**देश का दर्पण... दैनिक अखबार पत्रकार...राकेश कोठेनिया**
**भरतपुर ..** संजय नगर में मुकेश सैनी के घर में खड़ी गाड़ी में आग लग गई। घटना देर रात्रि 11:15 बजे की है, जब परिवार के सभी लोग अंदर सो रहे थे। गनीमत रही कि उनके बड़े भाई ने गाड़ी में आग लगते देख परिवार को आवाज लगाई, जिससे सभी पड़ोसी इकट्ठे हो गए और आग पर नियंत्रण पा लिया गया।आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। लपटें घर के अंदर तक फैल गईं, जिससे घरेलू सामान को भी काफी नुकसान पहुँचा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना का जायजा लिया गया हालांकि अभी तक कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

# पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने कांसुलेट पर हमलों के बाद वीजा अपॉइंटमेंट और अन्य सेवाएं कैंसिल की

**इस्लामाबाद (पी एम ए)** ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के कराची में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। इस बीच इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को ऐलान किया है कि पिछले दिन हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद वीजा अपॉइंटमेंट के साथ-साथ अमेरिकी नागरिक सेवाएं भी आज के लिए कैंसिल कर दी गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने कहा, "आज, 2 मार्च को इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और कराची और लाहौर में अमेरिकी कांसुलेट जनरल में यूएस वीजा और अमेरिकी नागरिक सेवाओं के सभी अपॉइंटमेंट कैंसिल कर दिए गए हैं।" बता दें, रविवार को कराची और लाहौर में अमेरिकी कांसुलेट जनरल के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा, इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में कांसुलेट जनरल में भी प्रदर्शन की योजना बनाई गई।

दरअसल, खामेनेई की मौत को लेकर शिया समुदाय के लोग बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने के लिए बाहर आए। अमेरिकी दूतावास ने पाकिस्तान में अमेरिकी नागरिकों को लोकल खबरों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर सलाह दी है।
इस बीच, पाकिस्तान के बड़े अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे पाकिस्तान में झड़पों में कम से कम 23 प्रदर्शनकारी मारे गए। इनमें कराची में अमेरिकी कॉन्सुलेट के बाहर 10 लोग और पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान के स्कार्दू जिले में 11 लोग शामिल हैं। गिलगित बाल्टिस्तान में भीड़ ने यूएन ऑफिस में आग लगा दी, जबकि इस्लामाबाद में दो लोग मारे गए।

सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो में कराची में अमेरिकी कांसुलेट के दरवाजे और खिड़कियां तोड़कर आग लगा दी गईं और कॉन्सुलेट परिसर के बाहर अफरा-तफरी का माहौल दिखा, जिसमें प्रदर्शनकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे और सिक्योरिटी वालों से भिड़ रहे थे। प्रदर्शनकारियों को खिड़कियां तोड़ते और गार्ड एरिया पर लाठियों से हमला करते देखा गया। इसके बाद लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों ने प्रदर्शनकारियों को जोरदार जवाब दिया। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पीओजीबी के स्कार्दू और गिलगित इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने भारत और पाकिस्तान में यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री ऑब्जर्वर ग्रुप (यूएनएमओजीआईपी) के ऑफिस में आग लगा दी।

प्रदर्शनकारियों ने एक स्कूल, पुलिस अधीक्षक के ऑफिस और आगा खान रूरल सपोर्ट प्रोग्राम (एकेआरएसपी) के ऑफिस में भी आग लगा दी। पीओजीबी पुलिस ने स्कार्दू में कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया है।

## दोपहिया वाहन चोर युवराज शर्मा गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज** पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा पद्धर ने बताया दिनांक 01.03.2026 को परिवादी श्री जितेन्द्र कुमार ने एक रिपोर्ट दर्ज करवायी कि मैं दिनांक 28.02.2026 को सुबह 10.00 बजे जनपथ, श्याम नगर मे मकान पर काम करने आया था, जहाँ से मेरी मोटरसाईकिल नम्बर पख60-इ-1100 को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। आदि पर प्रकरण संख्या 96/2026 धारा 303(2) बीएनएस मे दर्ज किया गया। जयपुर शहर में वाहन चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने एवं वाहन चोरो के विरूध्द कार्यवाही करने के लिए श्री सुनिल प्रसाद शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला के निकट सुपरविजन में श्री दलबीरसिंह पु.नि थानाधिकारी पुलिस थाना श्यामनगर के निर्देशन में श्री रामनरेश हैड कानि., राकेश खारोल कानि. 9625, श्कीरी नवीन कानि. 3416 टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आसूचना एवं तकनीकी आधार पर आरोपी युवराज शर्मा को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी से अन्य वारदातो के संबंध में पूछताछ जारी है।

## अवैध देशी शराब बेचते हुए एक आरोपी गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज** पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा पद्धर ने बताया अवैध शराब बेचने वालो का पता लगाकर अतिशीघ्र कार्यवाही करने के लिए श्री सुनील प्रसाद शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला के निकट सुपरविजन में श्री दलबीरसिंह पु.नि थानाधिकारी पुलिस थाना श्यामनगर के निर्देशन में श्री अजीत कुमार सउनि, श्री भवंर सिंह हैड कानि. 1009, श्री पवन कुमार कानि. 10594, श्री अंकित कुमार कानि. 9076 की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आसूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब की बिक्री करते हुए आरोपी सन्त्री शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा उम्र 20 साल जाति ब्राह्मण निवासी 106 वी एकता नगर धाबास पुलिस थाना करणीविहार हाल निवासी मकान नं 39 सुन्दर नगर बी पुलिस थाना श्यामनगर, जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अवैध देशी शराब के कुल 58 पव्वे बरामद किये गये। आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण संख्या 94/2026 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## मध्यपूर्व संघर्ष से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा; निवेशकों के 7 लाख करोड़ रुपए डूबे

**मुंबई (पी एम ए) इजरायल-ईरान युद्ध** के चलते भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 और निफ्टी 312.95 अंक या 1.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,865.70 पर था। बड़ी गिरावट के चलते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप 7 लाख करोड़ रुपए कम होकर 456 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि शुक्रवार को 463 लाख करोड़ रुपए था। सूचकांकों में निफ्टी इन्फ्रा (2.23 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (2.20 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.15 प्रतिशत), निफ्टी ऑयल एंड गैस (2.15 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू (1.84 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (1.82 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (1.61 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (1.61 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी इंडिया डिफेंस (0.49 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (0.24 प्रतिशत) और निफ्टी फार्मा (0.02 प्रतिशत) ही बढ़ने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में बीईएल, सन फार्मा और आईटीसी गेनर्स थे। इंडिगो, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, ट्रेंट, इटरनल, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एसबीआई और एक्सिस बैंक लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ स्मॉलकैप और मिडकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 935.10 अंक या 1.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,180.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 296.50 अंक या 1.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,632 .40 पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज के सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट रूपक दे ने कहा, "मध्यपूर्व में तनावपूर्ण हालातों के चलते निफ्टी की कमजोर शुरूआत हुई थी। दैनिक टाइमफ्रेम पर सूचकांक बढ़ती ट्रेंडलाइन से नीचे फिसल गया है, जो बाजार में बढ़ती कमजोरी का संकेत है। आरएसआई अभी भी मंदी के क्रॉसओवर में है, जो कमजोर गति की पुष्टि करता है। उन्होंने आगे कहा कि निफ्टी के लिए सपोर्ट 24,600 है। अगर यह इससे नीचे फिसलता है तो बाजार में गिरावट बढ़ सकती है। बाजार के लिए रुकावट का स्तर 25,000 है।

## मिडिल ईस्ट संकट गहराया: तीन दिन से बंद दुबई एयरपोर्ट, 3,000 से अधिक फ्लाइट रद्द


**नई दिल्ली (पी एम ए) दुनिया भर में हवाई यात्रा** एक बार फिर बड़े संकट से गुजर रही है। सोमवार को भी सैकड़ों अतिरिक्त उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे वैश्विक हवाई यातायात में उथल-पुथल मची हुई है। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद पैदा हुए हालात ने लाखों यात्रियों को प्रभावित किया है और हजारों लोग अलग-अलग देशों के एयरपोट्र्स पर फंसे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक सोमवार सुबह तक 1,239 उड़ानें पहले ही रद्द हो चुकी थीं। इससे पहले शनिवार को लगभग 2,800 और रविवार को 3,156 उड़ानें रद्द की गई थीं। ये आंकड़े फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइट अवेयर ने जारी किए। वहीं फ्लाइट रेडार 24 के अनुसार सोमवार तक ईरान, इराक, कुवैत, इजराइल, बहरीन, यूएई और कतर के ऊपर का हवाई क्षेत्र लगभग खाली नजर आ रहा था। सबसे बड़ा झटका मध्य पूर्व के प्रमुख हवाई अड्डों को लगा है। दुबई, जो दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हब माना जाता है, तीसरे दिन भी बंद रहा। अबू धाबी और दोहा के एयरपोर्ट भी या तो पूरी तरह बंद रहे या बेहद सीमित सेवाओं के साथ संचालित हुए। कोविड-19 महामारी के बाद यह विमानन उद्योग के लिए सबसे बड़ा झटका बताया जा रहा है। एयरलाइंस कंपनियों पर भी जबरदस्त दबाव देखा गया। एमिरेट्स ने सोमवार दोपहर 3 बजे (यूएई समय) तक दुबई से आने-जाने वाली सभी निर्धारित उड़ानें निलंबित कर दीं। एतिहाद एयरवेज ने अबू धाबी के लिए दोपहर 2 बजे तक सभी सेवाएं रोक दीं। कतर एयरवेज ने कतर के हवाई क्षेत्र के बंद होने के कारण उड़ान संचालन ही स्थगित कर दिया। इन तीनों एयरलाइंस ने मिलकर सैकड़ों उड़ानें रद्द कीं। संकट का असर भारत पर भी पड़ा। एयर इंडिया ने रविवार को दिल्ली, मुंबई और अमृतसर से यूरोप और उत्तरी अमेरिका जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दीं। यूरोप से लेकर एशिया तक कनेक्टिंग फ्लाइट्स बाधित होने से बाली से फ्रैंकफर्ट तक यात्री फंसे हुए हैं। रविवार को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने वाली 100 फ्लाइट्स रद्द की गईं।

दोनों पक्षों की ओर से आ रहे बयान खास उत्साहवर्धक नहीं हैं। ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान खाड़ी देशों में स्थित यूएस बेस को भी निशाना बना रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अनिश्चितता जितनी लंबी चलेगी, विमानन उद्योग को उतना अधिक वित्तीय नुकसान होगा।



# क्या द वार्डरोब में दिव्या अग्रवाल निभा रही हैं भूत का किरदार?

राज गवली प्रोडक्शन ने अपनी आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है, और फैंस अब यह सवाल पूछ रहे हैं – क्या दिव्या अग्रवाल इस फिल्म में भूत का किरदार निभा रही हैं? सौरभ चौबे के निर्देशन में बनी इस हॉरर थ्रिलर में द वार्डरोब भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में एक रहस्यमयी महिला को पुराने, आधे खुले लकड़ी के वार्डरोब से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है, जिस पर लताएं लिपटी हुई हैं। खून से सने सफेद गाउन में और धुएं व अंधेरे से घिरे माहौल के बीच दिव्या का डरावना अंदाज़ उनके किरदार को लेकर कई सवाल खड़े करता है। वार्डरोब के भीतर से आती लाल रोशनी फिल्म के सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करती है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि मेकर्स ने कहानी के अहम पहलुओं को अभी गोपनीय रखा है, लेकिन पोस्टर ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि दिव्या किसी बेचैन आत्मा की भूमिका में हो सकती हैं।






# खतरनाक स्टंट नहीं करने की चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की देसी गर्ल से हॉलीवुड की एक्शन गर्ल बनने तक का सफर बखूबी तय किया है। जल्द ही वह एक हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' में लीड रोल में दिखेंगी। इस फिल्म को लेकर प्रियंका काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन फिल्म में कई एक्शन सीन्स प्रियंका ने खुद नहीं किए। इसकी वजह भी वह साझा करती हैं।

### खतरनाक शॉट्स से प्रियंका ने बनाई दूरी

हाल ही में वैरायटी से की गई बातचीत में प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'कुछ शॉट्स ऐसे थे जिनके लिए मुझे अपने स्टंट डबल पर डिपेंड रहना पड़ा। स्टंट डबल को तीन या चार खतरनाक शॉट्स करने पड़े। इसमें चेहरे पर कांच लगने वाले सीन्स भी शामिल थे।' प्रियंका चोपड़ा आगे कहती हैं, 'यह चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी। प्रोडक्शन टीम को भी चिंता थी। उन्होंने मुझे खतरनाक स्टंट करने नहीं दिए। देखिए, मैं हीरो नहीं हूं, मैं काम करने के लिए काम पर जाती हूं। मैं नहीं चाहती कि किसी को चोट लगे या मुझे खुद को भी चोट लगे।'

### फिल्म 'द ब्लफ' में क्या है प्रियंका चोपड़ा का किरदार?

प्रियंका चोपड़ा और कार्ल अर्बन स्टारर 'द ब्लफ' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। फ्रैंक ई फ्लावर्स के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक कैरिबियन महिला की कहानी है, जिसका





सीक्रेट पास्ट तब सामने आता है जब समुद्री लुटेरे उसके आइलैंड पर हमला करते हैं। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने गजब का एक्शन भी किया है।

### इन प्रोजेक्ट्स में भी आएंगी देसी गर्ल नजर

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा हैं। 'वाराणसी' फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म '007 बॉन्ड' सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है।



# यश की 'टॉक्सिक' में नए अक्षय ओबेरॉय की एंट्री




यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' सुर्खियों में है। फिल्म के मेकर्स हर दिन इसकी अपडेट दे हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ है जिसे दर्शकों ने पसंद किया है। अब मेकर्स ने फिल्म के एक और कलाकार का लुक जारी किया है। मेकर्स ने फिल्म से अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। केवीएन प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। इसमें वह टोनी के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में टोनी भूरे रंग के ड्रेस में हैं। वह खून से लथपथ हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि उनके आस-पास कई घायल लोग पड़े हुए हैं। इन लोगों के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हैं। फिल्म में यश, राया और टिकट के डबल रोल में नजर आएंगे। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में राया पर ज्यादा फोकस किया गया है। इसमें उन्हें एक खतरनाक गैंगस्टर के तौर पर दिखाया गया। टीजर में भरपूर एक्शन है। मेकर्स ने फिल्म से कई कलाकारों के लुक शेयर किए हैं। इसमें नादिया के रोल में कियारा आडवाणी, गंगा के रोल में नयनतारा, एलिजाबेथ के रोल में हुमा कुरैशी, रेबेका के रोल में तारा सुतारिया, टोविनो थॉमस, डेरेल डी'सिल्वा और मेलिसा के रोल में रुक्मिणी वसंत होंगी। फिल्म 'टॉक्सिक' को यश और डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखा है। यह फिल्म 1940 और 1970 के दशक के बीच गोवा में सेट है। कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट की गई यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। टॉक्सिक 19 मार्च, 2026 को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश करने वाली है। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं। देखना होगा कि कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिक पाती है।

# साउथ फिल्मों की अजीब डिमांड से परेशान हो रहीं है तापसी

**तापसी पन्नू ने बॉलीवुड के अलावा तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में भी अभिनय किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने साउथ मेकर्स की अजीब डिमांड का जिक्र किया। तापसी का मानना है कि इस वजह से कई बार सेट पर असहज स्थिति भी बन जाती थी। आखिर क्या थी वो डिमांड?**

### साउथ की फिल्मों को करते हुए कौन सी दिक्कत आती है?

तापसी पन्नू ने बताया कि साउथ की फिल्मों में एक्ट्रेस के अपीयरेंस पर बहुत ज्यादा फोकस किया जाता है। वह कहती हैं, 'साउथ फिल्मों में आकर्षक दिखने के लिए खास तरह के कपड़े पहनने के लिए बोला जाता है। लेकिन इसमें समस्या यह है कि सेट पर हीरोइन को यह बात बताने के लिए लड़कियां गिनती की होती हैं। ऐसे में डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर को बोलता है। फिर वह हेयर या स्टाइल टीम की किसी दीदी को बताते हैं। आप सोचो कितना शर्मनाक होगा कि सेट पर एक गाने के शूट में एक्ट्रेस का बीच में उठकर जाना है। सब देख रहे होते हैं कि क्या फर्क हुआ? फिर पता चलता है कि हमें फर्क पता नहीं चल रहा। ऐसे में एक्ट्रेसेस को वापस जाने को कहा जाता है।' तापसी का मानना है कि साउथ में एक्ट्रेस की फिजिकल अपीयरेंस पर फोकस किया जाता है। मेकर्स को लगता है कि इससे ऑडियंस की फैंटेसी पूरी होती है और फिल्म को लेकर अट्रैक्शन बढ़ता है।

### फिल्म 'अस्सी' को लेकर चर्चा में तापसी पन्नू

फिल्म 'अस्सी' में कनी कुश्रुति, जीशान अय्यूब, तापसी पन्नू, कुमुद मिश्रा और रेवती जैसे कलाकार नजर आए हैं। तापसी फिल्म में रेप पीड़िता की वकील बनी हैं। वहीं रेप पीड़िता के रोल में कनी कुश्रुति दिखीं। दोनों ने ही दमदार अभिनय किया है। फिल्म 'अस्सी' की कहानी रेप पीड़िता के संघर्ष को दिखाती है, कानूनी प्रक्रिया में रेप केस के फैसलों में क्यों देरी होती है? परिवार और उस महिला पर क्या गुजरती है, इन बातों को निर्देशक ने बहुत ही संवेदनशील तरीके से दिखाया है। साथ ही इस जघन्य अपराध के पीछे की मानसिकता को भी सामने रखा है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म ठीक-ठाक कलेक्शन कर रही है।





# राहुल भट्ट ने साझा किया 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव

**राहुल भट्ट और अनुराग कश्यप कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों ने साथ में 'अग्ली' (2013) और 'दोबारा' (2022) जैसी फिल्में कीं हैं। अब दोनों की साथ में तीसरी फिल्म 'कैनेडी' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बातचीत में राहुल ने अनुराग कश्यप के बारे में खुलकर बात की और उनके साथ अपने काम के अनुभव साझा किए। साथ ही फिल्म के बारे में भी जानकारी दी।**

### इतने साल में अनुराग में क्या बदलाव आया? क्या उन पर इंडस्ट्री का दबाव है?

अनुराग को जो करना होता है वो वही करते हैं। उनके ऊपर इंडस्ट्री का कोई दबाव नहीं होता। वो मार्केट के लिए फिल्में बनाते ही नहीं। वो वह काम करते हैं, जिससे उन्हें तसल्ली मिलती है। वो इंडस्ट्री के बड़े ज्ञानी हैं। हम उनको कुछ ज्ञान नहीं दे सकते। उन्हें अच्छे से बिजनेस पता है। फिल्म कैसे बिकेंगी, किधर जाएंगी। उनकी फिल्मों की सेल्फ लाइफ लंबी होती है। उन्होंने कितना कुछ हासिल किया और कितने ही टैलेंट को आगे बढ़ाया है।

### क्या आपको लगता है इंडस्ट्री ने उन्हें वो दिया जिसके वो हकदार हैं?

ये सिर्फ आप और हम सोचते हैं। वो ये सब नहीं सोचते कि इंडस्ट्री ने उन्हें क्या दिया और क्या नहीं? बाकी वो बड़े आदमी हैं। उनकी शिकायतें होंगी तो पता नहीं क्यों होंगी। मैं तो इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। उनको जितना जानता हूं बस इतना कह सकता हूं कि उनको बहुत कुछ मिला है, बहुत कुछ उन्होंने पाया है अपनी जिंदगी में। बाकी उनका टैलेंट इतना है कि उनको बहुत कुछ और मिलना चाहिए और वो मिलेगा भी। उन्हें कोई नहीं रोक सकता।

### 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव कैसा रहा? अपने किरदार के बारे में कुछ बताएं?

अनुराग की फिल्में मेरे ऊपर सेट से दूर होने और शूटिंग पूरी होने के बाद भी असर बनाए रखती हैं। 'कैनेडी' की शूटिंग के दौरान अपने किरदार के अंदर की आवाज, चाल और जो एटिट्यूड मैंने अपनाया.. वह लंबे समय तक मुझसे बना रहा। इस फिल्म में अपने किरदार को मैंने एक खास आवाज दी। वो आवाज शूटिंग के बाद भी मेरे अंदर से आती रही। लोग कहते थे – 'क्या कर रहा है तू? सीधे बात कर।' गाड़ी चलाते वक्त भी मेरा एट्टीट्यूड वैसा ही रहता था। मानो जैसे कोई खतरनाक आदमी गाड़ी चला रहा हो। फिल्म खत्म होने के बाद भी करीबन तीन महीने तक यह किरदार मेरे साथ रहा।

### इंडस्ट्री में बदलावों पर आपकी क्या राय है?

पहले एक ही तरीके की फिल्में बन रही थीं, अब सिनेमा थोड़ा खुल गया है। ओटीटी प्लेटफार्म ने एक नया पिटारा खोला है। लोगों को एक्सपोजर मिल गया है और काफी मजेदार फिल्में बन रही हैं। मुझे लगता है मेरे जैसे अभिनेताओं के लिए यह बहुत अच्छा वक्त है।



## मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं, दुबई जाने वालों पर बीजेपी सांसद का विवादित तंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद भी इजरायल और ईरान के बीच जंग थमती नहीं दिख रही है। सऊदी अरब से लेकर यूएई और कुवैत से लेकर बहरीन तक ईरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। ऐसे में बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने भारतीय पासपोर्ट छोड़कर मिडिल ईस्ट में बसने वाले भारतीयों पर तंज कसा है और मोदी सरकार की तारीफ की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निशिकांत दुबे ने कहा है कि अपना भारतीय पासपोर्ट छोड़कर दुबई जाने वाले लोगों के लिए सबक, मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं। लम्बे लम्बे सोशल मीडिया पर पोस्ट करना आसान है। दुबे का यह कमेंट ऐसे समय आया है, जब ईरान लगातार दुबई को भी अपनी मिसाइलों के जरिए निशाना बना रहा है। बता दें पिछले कुछ सालों में ऐसे कई मामले सामने आए जब भारतीय नागरिकों ने भारत की नागरिकता छोड़कर अमेरिका, ब्रिटेन या दुबई की नागरिकता हासिल कर ली है। बता दें दुबई अपना अंतरराष्ट्रीय लेवल और ऊंचा करने के लिए दुनियाभर से अमीर और फेमस लोगों को दुबई आकर बस जाने के लिए आमंत्रित करता है। ऐसे लोगों को दुबई अपने यहां की नागरिकता भी देता है। आकर्षक ऑफर्स को देखते अलग-अलग देशों से बड़ी तादाद में लोग अपनी नागरिकता छोड़कर दुबई की नागरिकता ले लेते हैं।

## अखिलेश यादव ने आई-पैक के साथ डील की फाइनल

**-बंगाल चुनाव के बाद यूपी में ग्राउंड पर उतरेगी टीम**

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक साल बाकी है। समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारियों की शुरुआत कर दी है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में बढ़त के बाद सपा उत्साहित है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपने कैंपेन को संभालने के लिए पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक को हायर किया है। दोनों कैंप के सूत्रों ने कन्फर्म किया कि यह डील इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में फाइनल हुई थी। आई-पैक को जन सुराज लीडर प्रशांत किशोर ने को-फाउंड किया था। आई-पैक पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आने वाले चुनावों के बाद सपा के लिए काम शुरू करेगी।

**बंगाल के बाद शुरू होगा काम**

आई-पैक के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हमारा ज्यादातर वर्कफोर्स अभी पश्चिम बंगाल में असेंबली इलेक्शन के लिए इकट्ठा है। हालांकि शुरुआती मीटिंग्स हो चुकी हैं, लेकिन ज्यादातर काम उत्तर प्रदेश में बंगाल इलेक्शन के बाद ही शुरू होगा। हमारे एक डायरेक्टर विनेश चंदेल वहां टीम को हेड करेंगे।

## आईईडी ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट घायल

चाईबासा (एजेंसी)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मल्लिक घायल हो गए। घटना सारंडा के मरांगपोंगा इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों की टीम जंगलों में सघन तलाशी अभियान चला रही थी। अभियान के दौरान पहले से बिछाए गए विस्फोटक में अचानक धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास मौजूद जवान भी सतर्क हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने सुरक्षाबलों की मूवमेंट को देखते हुए पहले से ही आईईडी प्लांट कर रखा था। धमाके में सहायक कमांडेंट मल्लिक को चोटें आईं, हालांकि उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। विस्फोट के तुरंत बाद मौके पर मौजूद जवानों ने घायल अधिकारी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जंगल के बीच चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चलाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाने की तैयारी की गई।

## टांडा के जंगल में हाथी से टकराई बाइक, दो भाईयों की मौत

हल्द्वानी (एजेंसी)। टांडा जंगल में हाथी से दोपहिया वाहन टकरा गया। इससे दोपहिया वाहन सवार सड़क पर गिर गए, जिसमें एक मौत हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से शाहजहांपुर कटरा और वर्तमान में बनभूलपुरा के गफूर बस्ती निवासी शकील (26) और जाफर (28) शनिवार की शाम हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान टांडा रोड स्थित हाथी कारिडोर में उनके वाहन के सामने अचानक हाथी आ गया, जिससे उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और वाहन चल रहे शकील के सिर में चोट लग गई। साथ ही पीछे बैठे जाफर भी सड़क हादसे में घायल हो गया। सड़क हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां शकील को मृत घोषित कर दिया, जबकि जाफर को हायर सेंटर भेजा, जिसपर बरेली ले जाते वक्त रास्ते में जाफर ने भी दम तोड़ दिया। लोगों ने बताया की दोनों रिश्ते के भाई थे। जो हल्द्वानी में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी व कपड़ों की फेरी करते थे घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, डोडा ज़िले में 4.2 तीव्रता से कांपी धरती

जम्मू (एजेंसी)। रविवार तड़के सुबह जम्मू-कश्मीर का डोडा ज़िला भूकंप के झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर 4.2 मैग्नीट्यूड की तीव्रता वाले इस भूकंप ने पहाड़ी इलाके के निवासियों में दहशत पैदा कर दी, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जैसे ही सुबह हुई, परेशान लोकल लोग हालात का अंदाज़ा लगाने के लिए अपने घरों से बाहर निकले, उन्हें हिमालय की ठंडी हवा के बीच अपने पहाड़ी गांवों को सही-सलामत पाकर राहत मिली।


# पश्चिम बंगाल में एसआईआर में कटे 61 लाख नाम, 8 फीसदी की गिरावट

**पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई**

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी एसआईआर की प्रक्रिया शनिवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में 8 फीसदी यानी करीब 61 लाख की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य 60 लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बंगाल की नई मतदाता सूची में 7.04 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई है।

चुनाव आयोग के मुताबिक सबसे ज्यादा पुरुष मतदाताओं की संख्या 3,60,22,642 है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या 3,44,35,260 है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 1,382 है। अब तक 63,66,952 नाम हटाए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं।

इस संशोधन की सबसे बड़ी और विवादास्पद बात यह है कि 60,06,675 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में तो हैं, लेकिन उनके आगे विचाराधीन का मार्क लगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त 501 न्यायिक अधिकारी इन नामों की समीक्षा कर रहे हैं। सीईओ अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक इन अधिकारियों द्वारा नामों को हरी झंडी नहीं दी जाती और सप्लीमेंट्री सूची जारी नहीं होती, ये 60 लाख लोग आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। अग्रवाल ने स्वीकार किया कि इस विशाल प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां हुई हैं, लेकिन उन्होंने उन्हें नगण्य बताया।




पश्चिम बंगाल का यह चुनाव संशोधन कई मायनों में ऐतिहासिक और विवादित रहा है। माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की तैनाती को लेकर विवाद हुआ। पहली बार चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के अधिकारियों के काम की निगरानी के लिए हजारों केंद्रीय कर्मचारियों को माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया। सीएम ममता बनर्जी द्वारा इस प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके बाद अदालत ने न्यायिक अधिकारियों को पात्रता तय करने का जिम्मा सौंपा। चुनावों की आहट के बीच राज्य में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। सीईओ ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 240 कंपनियां पहले ही तैनात की जा चुकी हैं और 240 अन्य कंपनियां 10 मार्च से पहले बंगाल पहुंच जाएंगी। चुनाव की घोषणा होने तक कानून-व्यवस्था राज्य प्रशासन के अधीन रहेगी, जिसके बाद यह पूरी तरह चुनाव आयोग के नियंत्रण में आ जाएगी।

## एलओसी पार से पुंछ में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, भारतीय सेना ने फायरिंग कर खदेड़ दिया

जम्मू (एजेंसी)। एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत की गई, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन भेजा गया। रविवार तड़के डिगवार इलाके में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने उक्त संदिग्ध ड्रोन को देखते ही तुरंत जवाबी फायरिंग की। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी ड्रोन रविवार सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद सेना ने दर्जनभर से अधिक राउंड फायर करके वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। इस संबंध में सैन्य अधिकारियों ने मीडिया को बताया, कि भारतीय सीमा पर घुसा ड्रोन सेना की गोलीबारी से बच निकला। आसमान में मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर वापस चला गया। यह दूसरी बार हुआ जबकि तीन दिनों के भीतर सीमा पार से ड्रोन गतिविधि देखी गई है, जिसके चलते भारतीय सेना को कड़े कदम उठाने पड़े हैं। यहां बताते चलें कि 27 फरवरी को भी इसी क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ हुई थी, जिस पर सेना ने कार्रवाई की थी। ऐसे में मौजूदा घटनाक्रम सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि ड्रोन का इस्तेमाल अक्सर हथियार या नशीले पदार्थ गिराने या फिर जासूसी करने के लिए किया जाता है। ड्रोन वाली घटना के बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने संपूर्ण इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। सर्च ऑपरेशन से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि उक्त ड्रोन ने कोई हथियार या प्रतिबंधित सामग्री तो भारतीय सीमा पर नहीं छोड़ी है। इसी के साथ ही पूरे पुंछ सेक्टर में चौकसी बढ़ा दी गई है और सीमा पर भी निगरानी कड़ी कर दी गई है। इस घटना को गंभीर इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफतो पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमले कर रहा और जंग के हालात पैदा किए हुए हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में ड्रोन भेजकर एक नया मोर्चा खोलने का इरादा जता रहा है।

## यूएस-इजराइल हमले में मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीय को बचाए सरकार

**-कांग्रेस ने की सरकार से इस युद्ध को खत्म करने में मदद की अपील**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस ने भारत सरकार से इस युद्ध को तुरंत खत्म करने और पश्चिम एशिया में सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की अपील की है। बता दें इस भयानक युद्ध के बीच कई भारतीय मिडिल ईस्ट में फंसे हुए हैं। हालांकि भारत सरकार की ओर से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हफ्तों तक राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के साथ डिप्लोमेसी और बातचीत का दिखावा करते रहे हैं। इजराइली पीएम नेतन्याहू और अमेरिका में कट्टरपंथियों के उकसाने पर उन्होंने शासन बदलने के मकसद से एक सैन्य हमला शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हमले की निंदा करती है और सरकार से इस वॉर को खत्म करने में मदद करने की अपील करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मिडिल ईस्ट संकट पर कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती दुश्मनी चिंताजनक है। पूरे मिडिल ईस्ट में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी के इजराइल दौरे को शर्मनाक और गलत समय पर बताया और कहा कि इससे मिलिट्री बढ़ोतरी को राजनीतिक समर्थन मिलने का एहसास होता है। रमेश ने कहा कि मोदी के इजराइल दौरे का जश्न मनाने के दो दिन बाद, इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर मिलकर हमला शुरू कर दिया।

# बिहार की हार से सीख लेकर कांग्रेस और डीएमके में बनी सहमति, सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की सियासत में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही गठबंधन की तस्वीर अब साफ होने लगी है। राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच लंबे समय से चला आ रहा सीटों का गतिरोध खत्म होता दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के कड़वे अनुभवों से बड़ी सीख ली है। बिहार में महागठबंधन के बीच अंतिम समय तक सीट बंटवारा न हो पाने और कई सीटों पर फ्रेंडली फाइट के कारण मिली करारी हार को देखते हुए, इस बार तमिलनाडु में कांग्रेस ने व्यावहारिक रुख अपनाया है।

डीएमके प्रमुख और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गठबंधन को एकजुट रखने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में डीएमके ने दो मुस्लिम दलों के साथ समझौता पक्का कर लिया है। पार्टी मुख्यालय में हुई घोषणा के अनुसार, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और मनिधनेया मक्कल कत्ची (एमएमके) को दो-दो विधानसभा



सीटें आवंटित की गई हैं। आईयूएमएल अपने पारंपरिक 'सीढ़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एमएमके के उम्मीदवार डीएमके के 'राइजिंग सन' सिंबल पर मैदान में उतरेंगे। यह कदम अल्पसंख्यक मतदाताओं को एक स्पष्ट संदेश देने की कोशिश माना जा रहा है। कांग्रेस के साथ भी बातचीत अब सकारात्मक मोड़ पर पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस शुरुआत में 35 सीटों की मांग कर रही थी, लेकिन अब 27 या 28 सीटों और राज्यसभा की एक अतिरिक्त सीट पर समझौता होने की प्रबल संभावना है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुन्थगई ने संकेत दिए हैं कि डीएमके के साथ बातचीत सौहार्द्रपूर्ण रही है और कांग्रेस का गठबंधन अटूट है। पार्टी ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि कांग्रेस किसी अन्य दल (जैसे टीवीके) के संपर्क में है।

दूसरी तरफ, विपक्षी खेमे यानी एनडीए में फिलहाल अनिश्चितता का माहौल है। ओ. पन्नीरसेल्वम के डीएमके के पाले में जाने की चर्चाओं के बीच एनडीए में अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हो पाया है, जिससे वे फिलहाल दोराहे पर खड़े नजर आ रहे हैं। डीएमके की योजना है कि 9 मार्च को तिरुचिरापल्ली में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन से पहले सभी सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा अंतिम रूप ले ले। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री स्टालिन सोमवार 2 मार्च 2026 को राज्यसभा सीटों और उम्मीदवारों की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर दिल्ली रवाना हो चुके हैं, जहां हाईकमान की मुहर लगते ही इस समझौते का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। विदुथलाई चिरुथैगल कत्ची (वीसीके) जैसे अन्य छोटे दलों के साथ भी सोमवार को चर्चा होनी है। एमके स्टालिन की रणनीति साफ है-सहयोगी दलों को उनकी जमीनी ताकत के हिसाब से सीटें देकर गठबंधन को नियंत्रित रखना और चुनाव प्रचार में किसी भी प्रकार की देरी या असमंजस से बचना। अब देखना यह होगा कि बिहार की गलतियों से सबक लेकर बनाया गया यह मजबूत गठबंधन आगामी चुनाव में कितनी सफलता हासिल करता है।

# भारतीय विदेश मंत्रालय ने ताजा घटनाओं पर जताई चिंता, दोनों पक्ष संयम बरतें

**भारत ने जारी की एडवाइजरी भारतीय सतर्क रहें और मिशनों के संपर्क में रहें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मिडिल ईस्ट में हालात पर चिंता जताते हुए कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ताजा घटनाओं से बहुत चिंतित हैं। हम दोनों पक्षों को संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की गुजारिश करते हैं। सभी पक्षों को डायलॉग और डिप्लोमेसी का रास्ता अख्तियार करना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में हमारे मिशन सभी भारतीय नागरिकों के साथ हैं और एडवाइजरी जारी कर कहा गया है कि वे सतर्क रहें, मिशनों के संपर्क में रहें और स्थानीय सुरक्षा गाइडलाइंस का पालन करें। पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए भारत ने ना केवल ईरान और इजराइल बल्कि दूसरे देशों के लिए भी सलाह जारी की है। बता दें ईरान को लेकर भारत सरकार पहले से ही तीन एडवाइजरी जारी कर चुकी है। इजराइल में कुल दस हजार भारतीय रहते हैं जिनमें से चार हजार छात्र हैं।




भारतीय दूतावास ने कतर में रहने वाले सभी भारतीयों से उचित सावधानी बरतने के लिए कहा है। सैन्य स्थानों से दूर रहने और घरों के अंदर रहने को कहा है। यूएई और फलस्तीन स्थित भारतीय मिशनों ने अडवाइजरी जारी कर भारतीयों से सावधान रहने को कहा है। माना जा रहा है कि हालात अगर बिगड़ते हैं तो भारत अपने नागरिकों को निकालने के लिए इवैक्युएशन ड्राइव की अगुवाई कर सकता है। भारत के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र अहम है। इस क्षेत्र में क़रीब 9-10 मिलियन भारतीय रहते हैं। यही वजह है कि दो दिन पहले ही इजराइल में पीएम मोदी ने कहा था कि मध्य एशिया की स्थिरता और शांति से भारत के हित जुड़े हैं। उन्होंने डायलॉग और डिप्लोमेसी से सभी विवादों को हल करने के लिए कहा था।

# साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई: 11 राज्यों में छापेमारी कर 27 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने डिजिटल ठगी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी देशव्यापी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक सप्ताह तक चले विशेष अभियान के तहत देश के 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसमें कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है, जिनमें मासूम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी।

जांच में सामने आया है कि इन मामलों में सीधे तौर पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई है। हालांकि, जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की, तो उसमें करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। पुलिस को अंदेशा है कि यह राशि देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई अन्य साइबर ठगी से जुड़ी हो सकती है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए बताया कि साइबर सेल की टीम लंबे




समय से ठगी की शिकायतों पर तकनीकी जांच कर रही थी। डेटा विश्लेषण और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एक साथ दबिश देकर इन जालसाजों को दबोचा गया।

पकड़े गए आरोपियों का जाल काफी फैला हुआ था। ये लोग मुख्य रूप से निवेश के नाम पर झांसा देने, मोबाइल में खतरनाक एपीके फाइल इंस्टॉल करवाकर डेटा चोरी करने, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए फर्जी स्कीम चलाने और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से अपराध में इस्तेमाल होने वाली भारी सामग्री भी बरामद की है। बरामद सामान में 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड (डेबिट/क्रेडिट), एक पीओएस मशीन, एक बाइक और भारी मात्रा में बैंक दस्तावेज व चेकबुक किट शामिल हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य नामों और ठगी गई रकम की बरामदगी की जा सके।

# गोकुल में छड़ीमार होली: गोपियों ने पुलिस ही नहीं विदेशी सैलानियों पर भी बरसाईं छड़ियां

**-दुल्हन की तरह सजी महिलाएं, श्रीकृष्ण-बलराम के बाल रूप पर खेला रंग**

**मथुरा (एजेंसी)।** ब्रज के गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली की धूम रही, जिसमें महिलाएं दुल्हन की तरह सज-संवरकर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप पर रंग और छड़ियों की वर्षा करती दिखाई दीं। इस बार गोपियों ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि बड़ी संख्या में आए विदेशी सैलानियों और पुलिसकर्मियों को भी दनादन छड़ियों की झड़ी से नवाज़ा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने इस मौके पर राधा-कृष्ण बने कलाकारों के साथ मंच पर डांस कर कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले दोपहर 12-30 बजे नंदभवन से भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला, जिसमें कन्हैया और बलराम के बाल रूप सवार थे। लोग डोले के आगे-पीछे रंग-गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में चलते दिखाई दिए। रास्ते में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया, फूल, रंग और अबीर से डोले को सजाया गया। चौराहों पर बड़े स्टेज तैयार किए गए, जिन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करती रहीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे।

**छड़ीमार होली की परंपरा**

गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहीं बाल लीलाएं की थीं। इस खेल में उपयोग की जाने वाली छड़ियों पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है, जिससे चोट नहीं लगती। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली की तरह गोकुल की इस परंपरा में भी महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इस बार की होली में नंदगांव और बरसाना के आयोजनों की याद भी ताजा हो गई थी, जहां राधारानी की सखियों और श्रीकृष्ण के सखाओं के बीच रंगीन छड़ीमार का खेल हुआ।

गोकुल में छड़ीमार होली देखने आए लोगों ने इसे अत्यंत रोचक और जीवंत उत्सव बताया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन उत्सव की अद्भुत झलक ने इसे और भी यादगार बना दिया।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सपताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के` विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

# वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा

**- बनेगा दक्षिण भारत का बड़ा ट्रांसशिपमेंट केंद्र**

**तूतीकोरिन ।**


वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे। परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित करने हेतु वीओसी बंदरगाह ने भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और सागरमाला फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय करार किया है।

यह कदम बंदरगाह को नए निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक कोष उपलब्ध कराने में सहायक होगा। बंदरगाह प्राधिकरण के एक अे धिकारी ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समुद्री क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आउटर हार्बर परियोजना से बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने और दक्षिण भारत में माल परिवहन एवं ट्रांसशिपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर, वैश्विक तेल आपूर्ति पर खतरा

**- हवाई हमलों के बाद बढ़ा तनाव, जनता की जेब पर बढ़ेगा बोझ**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। यह मार्ग खाड़ी देशों और भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों के लिए बेहद संवेदनशील है। आंशिक नाकाबंदी ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, और कई टैंकरों ने रास्ता बदल दिया या लंगर डाल दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी तेल कंपनियों और ट्रेडिंग हाउसेज ने सुरक्षा कारणों होरमुज़ मार्ग से कच्चा तेल, ईंधन और स्र्हत की ढुलाई रोक दी है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, कम से कम 11 बड़े एनएनजी टैंकरों ने अपनी गति धीमी कर दी या वापस मुड़ गए। ओमान के तट के पास तेल टैंकरों की कतारें लग गई हैं, जिससे सप्लाई चेन बाधित हो रही है। भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश जैसे इराक, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत इस मार्ग पर निर्भर हैं। अगर बाधा लंबी खिंचती है, तो भारत की रिफाइनरियों में कच्चे तेल का स्टॉक कम हो जाएगा। इससे आयात लागत बढ़ सकती है और लंबे समय में आम जनता की जेब और व्यापार घाटा प्रभावित हो सकता है। अमेरिकी नौसेना ने अरब खाड़ी, ओमान की खाड़ी और उत्तरी अरब सागर को सैन्य अभियान क्षेत्र घोषित किया है। ग्रीस और ब्रिटेन ने अपने जहाजों को होरमुज़ से दूर रहने की चेतावनी दी। इस स्थिति ने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। जहाजों के पास केवल केप ऑफ गुड होप का लंबा मार्ग बचता है, जिससे 10-15 दिन की देरी, अधिक ईंधन खर्च और बढ़े हुए बीमा प्रीमियम का सामना करना पड़ता है। चार्टर और लॉजिस्टिक लागत बढ़ने से मालभाड़ा दरें भी बढ़ रही हैं। कार्गो मालिक फोर्स मेज्योर का सहारा लेकर समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जीपीएस जामिंग और हवाई क्षेत्र बंद होने से चालक दल बदलाव और लॉजिस्टिक प्रबंधन भी कठिन हो गया है।

# जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सेंटर




**एमआरओ सुविधा के लिए सिंगापुर की कंपनी ने दिखाया निवेश रुचि**

**ग्रेटर नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा। सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा,` मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेबू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे। वायईआईडीए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और एविएशन उद्योग स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेश भी आकर्षित होगा। एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहल उत्तर प्रदेश में एविएशन और लॉजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करेगी और जेवर को एक प्रमुख औद्योगिक और एविएशन हब बनाने में मदद करेगी।

# महंगे सोने ने बदली ज्वेलरी की प्राथमिकताएं, 18 कैरेट सोने की मांग बढ़ी

**- युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर हो रहे हैं आकर्षित**

**नई दिल्ली ।**

देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पारंपरिक 22 कैरेट सोने की मांग पर असर पड़ा है। ग्राहक अब केवल निवेश के रूप में सोना नहीं बल्कि पर्सनल स्टाइल और पहचान के लिए ज्वेलरी चुन रहे हैं। इस बदलाव के चलते 22 कैरेट के भारी गहनों की तुलना में 18 कैरेट सोने की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार 18 कैरेट सोने की कीमत 22 कैरेट की तुलना में 15-20 प्रतिशत कम होने के कारण बजट पर दबाव कम करती है। सिर्फ सस्ता विकल्प न रहकर चांदी और स्टर्लिंग सिल्वर अब फैशन की पहचान बन गए हैं। युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बढ़ती कीमतों के बावजूद चांदी निवेशकों के लिए भी आकर्षक विकल्प बन रही है। पिछले एक साल में चांदी ने निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिए हैं, जिससे इसे सुरक्षित और लाभकारी निवेश के तौर पर देखा जाने लगा है। डायमंड ज्वेलरी की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। हालांकि




फिलहाल यह शुरुआती चरण में है, लेकिन युवा वर्ग के बीच इसका स्टाइल और पहचान के लिए आकर्षण बढ़ रहा है। इसे रोजमर्रा में पहनने के लिए हल्के और मॉडर्न डिज़ाइन में अधिक मांग दिखाई दे रही है। महंगे सोने ने ग्राहकों की प्राथमिकताओं को बदल दिया है। अब बाजार में बजट-अनुकूल विकल्प, स्टाइलिश डिज़ाइन और निवेश क्षमता तीनों का संतुलन देखने को मिलता है। ग्राहक केवल सोने को निवेश नहीं बल्कि रोजमर्रा में पहनने योग्य, हल्का और फैशनेबल विकल्प भी मान रहे हैं।

## इजरायल-अमेरिका का ईरान पर हमले से भारतीय बाजार में बढ़ा जोखिम

**- भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें**

**मुंबई ।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान के कई शहरों पर सैन्य हमला किया। तेहरान में तबाही के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इस अचानक हुए हमले के चलते वैश्विक बाजारों में घबराहट फैल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें हैं। मिडिल ईस्ट तनाव के चलते सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे तेल महंगा होगा। महंगा क्रूड आयात भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें उछाल सकती हैं। क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी से कई सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां जैसे आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल मार्जिन दबाव में आ सकते हैं। एयरलाइंस का ईंधन खर्च बढ़ेगा, जबकि पेंट कंपनियां जैसे ऐ शियन पेंट और बर्गर पेंट कच्चे माल की महंगाई का सामना करेंगी। टायर कंपनियों को भी सिंथेटिक रबर महंगा होने से नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजार में वोलेटिलिटी बढ़ सकती है।




## मारुति की फरवरी में बिक्री बढ़कर 2,13,995 इकाई पर

**- पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे**

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी। दूसरी ओर ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 65,033 इकाई के मुकाबले बढ़कर 72,756 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री एक साल पहले के फरवरी के आंकड़े 2,710 इकाई से बढ़कर 3,130 इकाई रही।फरवरी, 2026 में कंपनी का कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने के 25,021 इकाई के मुकाबले 39,155 वाहन रहा।

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में किया 22,615 करोड़ का निवेश

**- फरवरी में 17 महीने का उच्चतम निवेश, इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे**

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी 2026 में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये निवेश किए, जो 17 महीने का उच्चतम मासिक प्रवाह है। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे थे- नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी 2026 में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) रही, जो इतिहास के सबसे खराब वर्षों में से एक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में निवेश बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं- भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार करार से भरोसा बढ़ना, घरेलू शेयर बाजार का मूल्यांकन कम होना जिससे निवेशकों को सस्ती खरीदारी का अवसर मिला और तीसरी तिमाही में कंपनियों की कमाई 14.7 फीसदी बढ़ी जिससे एफपीआई का भरोसा मजबूत हुआ। एफपीआई ने फरवरी में वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान क्षेत्र में आक्रामक खरीदारी की, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। बाजार के जानकारों के मुतो बिक आईटी क्षेत्र में कमजोरी और कृत्रिम मेध (एआई) से जुड़ी चिंताओं के कारण बिकवाली हुई, लेकिन वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान में वे शुद्ध खरीदार रहे।

# सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग**

**नई दिल्ली ।**

सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रे ति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रे ति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रे ति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,430 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमश- 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमश- 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,475 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## फरवरी में एमएंडएम की बिक्री 18 फीसदी बढ़कर 97,177 इकाई रही

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने रविवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 97,177 इकाई हो गई। एमएंडएम ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यूटिलिटी वाहनों (यूवी) की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 60,018 इकाई रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 50,420 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 24,585 इकाई रही। इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन खंड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कि फरवरी का प्रदर्शन पूरे पोर्टफोलियो में ग्राहकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। पिछले महीने कुल निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 3,384 इकाई रहा, जो फरवरी 2025 में 3,059 इकाई था।

## कोल इंडिया की इकाई छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

**- छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर कमाती हैं अपनी रोज़ी-रोटी**

**बिश्रामपुर ।** सूरजपुर जिले की 30 वर्षीय पूजा साहू अब अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। उन्हें लोग बोटिंग वाली दीदी कहते हैं। यह नई पहचान



उन्हें मजबूती और आर्थिक आजादी का एहसास कराती है। साहू कहती हैं, मुझे गर्व होता है कि अब मेरी अपनी पहचान है। लोग मुझे बोटिंग वाली दीदी कहते हैं और यह आजादी जैसा लगता है। साहू छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर अपनी रोज़ी-रोटी कमाती हैं। यह पार्क साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा खनन क्षेत्र को एडवेंचर हब में बदलकर विकसित किया गया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर क्षेत्र में बोटिंग, तैरता हुआ रेस्तरां और मछली पालन की सुविधाएं हैं। साहू शिव शक्ति महिला ग्राम संगठन की 12 महिलाओं में से एक हैं। वे रोज़ाना लगभग 200 रुपये कमाती हैं और अपनी पसंद का खाना व कपड़े खरीद सकती हैं। उनका संदेश है` कि अपना घर छोड़ो और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनो। एसईसीएल के अनुसार यह पार्क यह दिखाता है कि खनन के बाद क्षेत्र को टिकाऊ जीवनयापन और रोज़गार के अवसरों में बदला जा सकता है।

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले



सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

## अगले हफ्ते दो कंपनियों के निवेशकों की लगेगी लॉटरी

**- एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय की**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशखबरी है। 6 मार्च को दो प्रमुख कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर जारी करेंगी। ये कंपनियां हैं एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक। बोनस शेयर आम तौर पर निवेशकों को रिवॉर्ड देने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए जारी किए जाते हैं। दोनों कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय कर दी है। फाइनेंस सेक्टर की कंपनी एलकेपी फाइनेंस ने 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अगर निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 4 अतिरिक्त शेयर मुफ्त मिलेंगे। इस तरह कुल शेयरों की संख्या पांच हो जाएगी। यह कदम निवेशकों के लिए लंबे समय में लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने से भविष्य में मिलने वाले डिविडेंड का पैसा भी बढ़ता है। आईटी सेक्टर की सिल्वर टच ने भी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 1 और मुफ्त में मिलेगा। इसके लिए भी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च निर्धारित किया गया है।